मरीज तय करेगा कि वो टेस्ट कहां कराए और दवा कहां से ले

किसी भी तरह के इलाज और सर्जरी के दौरान मरीज और उसके तीमरदार को पूरा अधिकार होता है कि वो अपनी मर्जी की दुकान से दवा खरीदे. किसी भी सेंटर पर जाकर अपनी जांच कराए. इसके लिए डॉक्टर मरीज पर किसी भी तरह से दबाव नहीं बना सकता.

इमरजेंसी इलाज से नहीं कर सकते इंकार

नाजुक हालत में अस्पताल पहुंचने वाले मरीज को तुरंत डऊ्क्टरी मदद दी जाएगी. इस मदद से कोई भी सरकारी अस्पताल और प्राइवेट नर्सिंग होम इंकार नहीं कर सकते. जरूरी इलाज करने के बाद ही डॉक्टर मरीज से फीस की मांग कर सकता है या पुलिस को सूचना देने जैसी कार्रवाई आगे बढ़ाई जाएगी.

टेस्ट और इलाज की रिपोर्ट पर होता है मरीज का हक

इलाज के दौरान तैयार होने वाली केस शीट और टेस्ट रिपोर्ट पर मरीज का भी हक होता है. डॉक्टर या नर्सिंग होम संचालक इन्हें देने से इंकार नहीं कर सकता. अगर मरीज मांगता है तो इसकी फोटो कॉपी उसे देनी होगी.

ये फोटो कॉपी अस्पताल में भर्ती होने के 24 घंटे के अंदर और डिस्चार्ज होने के 72 घंटे में दे दी जानी चाहिए. इन रिकॉर्ड्स में डायग्नोस्टिक टेस्ट, डॉक्टर या विशेषज्ञ की राय, अस्पताल में भर्ती होने का कारण आदि शामिल हैं.

दूसरे डॉक्टर की राय लेने का है अधिकार

आप किसी डॉक्टर के इलाज के तरीके से खुश नहीं हैं तो आप दूसरे डॉक्टर की भी सलाह ले सकते हैं. ऐसे में ये आपका अधिकार होगा कि पहले वाला अस्पताल आपको सभी मेडिकल और डायग्नोस्टिक रिपोर्ट उपलब्ध कराए.

अपना इलाज भी गोपनीय रख सकते हैं आप

मरीज के इलाज के दौरान डॉक्टर को कई ऐसी बातें पता होती हैं जिसका ताल्लुक मरीज की निजी जिंदगी से होता है. लेकिन ये डॉक्टर का फर्ज है कि वो इन जानकारियों को गोपनीय रखे. उन्हें किसी के साथ साझा न करे.

सर्जरी की मंजूरी देने से पहले डॉक्टर से पूछें ये सवाल

किसी भी सर्जरी की मंजूरी देने से पहले मरीज या उसके तीमरदार डॉक्टर

शेष पृष्ठ - 15 पर

Nasir Hussain - Updated: December 12] 2017] 4:11 PM IST
https://hindi.news18.com/news/delhi/nursing-home-can-not-stop-patients-or-dead-body-from-discharge-1195110.html

मुम्बई में आयोजित समारोह की चित्रमय झलकियाँ

मध्यप्रदेश में आयोजित समारोह की चित्रमय झलकियाँ

अब उधार मे यात्रा कराएगी भारतीय रेल

लखनऊ। आपको अगली बार अगर रेल से यात्रा करनी हो और आपके पास पैसे न हों तो परेशान होने की जरूरत नहीं है, आप बिना पैसे के भी यात्रा कर सकते हैं। इंडियन रेलवे की वेबसाइट आईआरसीटीसी ने डिजिटल पेमेंट्स को बढ़ावा देने के लिए यात्रियों को क्रेडिट पर टिकट बुक करने की सुविधा दे रही है। जून माह में शुरू हुई ''बुक नाओ पे लेटर'' स्कीम के तहत कोई भी यात्री यात्रा से पांच दिन पहले टिकट बुक करने के बाद 14 दिनों के अंदर पेमेंट कर सकता है।

इस सुविधा का लाभ उठाने के बाद यात्रियों को टिकट यात्रियों को टिकट यात्रा की कुल लागत का 3.5 फीसदी अतिरिक्त चार्ज देना पड़ेगा। इस व्यवस्था के लिए आईआरसीटीसी ने मुंबई की एक कंपनी ईपेलेटर से समझौता किया है। 15 दिन पहले शुरू हुई इस सेवा का अभी तक 50 लोग इस्तेमाल कर चुकें हैं।

टिकट बुक करने का यह है तरीका

आइआरसीटीसी से टिकट बुक करनेवाले यात्री को कितने रुपये तक का टिकट उधार दिया जाएगा इसके लिए यात्री की क्रेडिट हिस्टरी, सीबिल स्कोर, टिकट बुक कराने का इतिहास, लॉगिन करने की हिस्टरी और ऑनलाइन बुकिंग करने के पैटर्न से क्रेडिट लिमिट तय की जाएगी।

आईआरसीटीसी से टिकट बुक करनेवाले किस यूजर को कितने रुपये तक का टिकट उधार दिया जा सकता है, इसका फैसला उसकी क्रेडिट हिस्ट्री, डिजिटल फुटप्रिंट, डिवाइस इन्फोर्मेशन और ऑनलाइन परचेज पैटर्न पर आधारित होगा।

आईआरसीटीसी के प्रवक्ता संदीप दत्ता ने कहा, 'यह सेवा यात्रियों को पैसे की चिंता किए बिना तुरंत टिकट बुक कराने की सुविधा देती है।'

14 दिन के अंदर लौटाने होंगें पैसे वरना लगेगा जुर्माना

अगर यात्री टिकट बुकिंग के 14 दिनों के अंदर पैसे नहीं देता है तो आइआरसीटीसी उस पर जुर्माना लगाएगा। साथ ही , जो यात्री बार-बार पैसे देने में आनाकानी करेंगे, उन्हें इस सुविधा से हमेशा के लिए वंचित कर दिया जाएगा।

https://www.gaonconnection.com/desh/now-passengers-can-book-tickets-on-credit-basis-from-indian-railways-irctc-website

पृष्ठ ... 14 .. का शेष

से उस सर्जरी के दौरान होने वाले खतरों के बारे में बात कर सकते हैं. सर्जरी करने का कारण पूछ सकते हैं. इसके बाद ही डॉक्टर को सर्जरी करने की मंजूरी आप दे सकते हैं.

मरीज डॉक्टर से ले सकता है बीमारी और खर्च की जानकारी

मरीज चाहे तो अपनी बीमारी के बारे में डॉक्टर से पूरी जानकारी ले सकता है. इलाज का क्या नतीजा निकलेगा. नुकसान और फायदे के विकल्प पर बात कर सकता है. हास्पिटल में भी इलाज और उसके खर्च की जानकारी लिखी होनी चाहिए.

ऐसे करें डॉक्टर या नर्सिंग होम की शिकायत

किसी भी डॉक्टर या नर्सिंग होम की शिकायत से पहले ये जरूरी है कि हम अपने इलाज से संबंधित सभी जरूरी कागजात हासिल कर लें. जैसे

डिस्चार्ज सर्टिफिकेट, बिल और इलाज की केस शीट. कोई भी सरकारी या प्राइवेट हास्पिटल आपको ये कागजात देने से इंकार नहीं कर सकता है. इनकी फोटो कॉपी लेना आपका अधिकार है.

ZEE जानकारी : प्राइवेट अस्पतालों की मुनाफे वाली सोच को ठीक करने का इलाज

वर्ष 2011 में सुप्रीम कोर्ट ने अस्पतालों को ये आदेश दिया था 25 प्रतिशत OPD और 10 प्रतिशत अस्पताल में भर्ती होने वाले गरीब मरीजो का फ्री में इलाज किया जाए

हमारे देश के प्राइवेट अस्पतालों का आचरण कुछ इस तरह का है कि अगर उनके मेडिकल Bills पर एक किताब छापी जाए तो उसका शीर्षक होगा 'कुछ दिन में करोड़पति कैसे बनें'? देश के ज्यादातर प्राइवेट अस्पताल बेहतर इलाज के नाम पर भारी मुनाफा कमाने वाली बीमारी से पीड़ित है. इस बीमारी का इलाज हमारे सिस्टम के पास है लेकिन वो अभी इतना असरदार नहीं है कि लाखों के इन Bills पर काबू पा सके.

हमने इसी हफ्ते आपको गुरुग्राम के Fortis Hospital के 16 लाख रुपये वाले बिल के बारे में बताया था. आज हमारे पास गुरुग्राम के Medanta Hospital से जुड़ा एक ऐसा ही मामला आया है. वहां भी डेंगू के इलाज के नाम पर 7 साल के एक बच्चे का 22 दिन का बिल 15 लाख 88 हजार रुपये बना दिया गया. इस बच्चे के पिता एक बीमा एजेंट हैं और उनके महीने की कमाई सिर्फ 7 से 8 हजार रुपये हैं. उन्होंने अस्पताल का बिल चुकाने के लिए अपना मकान गिरवी रखकर कर्ज लिया था लेकिन पैसे कम पड़ गये और बच्चे को गंभीर हालत में सरकारी अस्पताल में शिफ्ट करना पड़ा और वहां उसकी मौत हो गई.

30 अक्टूबर को डेंगू से पीड़ित इस बच्चे को ग्वालियर से गुरुग्राम लाया गया था.. और Medanta Hospital में भर्ती करवाया गया था. Hospital ने करीब 22 दिन तक इस बच्चे का इलाज किया और इस दौरान अस्पताल ने कुल 15 लाख 88 हजार रुपये का बिल माता-पिता को थमा दिया. इस बिल में 20 हजार रुपये के discount का जिक्र भी किया गया है. यानी Discount के बाद ये बिल 15 लाख 68 हजार रुपये का हो गया.

इस बच्चे के पिता को अस्पताल का बिल चुकाने के लिए अपना मकान गिरवी रखकर कर्ज लेना पड़ा. और उन्होंने किसी तरह ये बिल चुकाया. इसके बाद आगे के इलाज के लिए उनके पास पैसे नहीं थे. . इसीलिए उन्होंने 20 नवंबर को left against medical advice का फॉर्म भरकर बच्चे को गंभीर हालत में ही सरकारी अस्पताल में Shift करवा दिया, लेकिन 2 दिन के बाद 22 नवंबर को इस बच्चे की मौत हो गई.

हमने इस बारे में Medanta Hospital से बात की और उनसे अपना पक्ष रखने को कहा. लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी उन्होंने

ZEE जानकारी

http://zeenews.india.com/hindi/india/zee-jankari-medanta-hospital-bill-rs-1588000-for-dengue-private-hospital-wildness/352944

अभी तक अपना आधिकारिक पक्ष नहीं रखा है. हमने Social Media के जरिए भी इस मामले पर अस्पताल की प्रतिक्रिया लेने की कोशिश की इसके जवाब में अस्पताल ने एक Tweet के जरिए.. अपनी Billing Process का बचाव किया और लिखा कि उनकी Billing Process एकदम पारदर्शी है..और हर मरीज को पूरे बिल के बारे में अच्छी तरह समझाया जाता है.

फिर भी हमें लगता है कि Medanta Hospital को देश के सामने अपना पक्ष रखना चाहिए. ये देश के हर व्यक्ति से जुड़ा हुआ मामला है. डेंगू जैसी बीमारी के इलाज में करीब 16 लाख रुपये का बिल बना देना, चिकित्सा जैसे महान पेशे पर कई गंभीर सवाल खड़े करता है.

ऐसा नहीं है कि प्राइवेट अस्पतालों की मुनाफे वाली सोच को ठीक करने लिए हमारे मेडिकल सिस्टम के पास कोई इलाज नहीं है. वर्ष 2010 में प्राइवेट अस्पतालों के महंगे इलाज पर काबू करने के लिए The Clinical Establishments (Registration and Regulation) Act तैयार किया गया.

इस कानून के तहत ऐसी कोशिश की गई थी कि अस्पताल में होने वाली हर प्रक्रिया का रेट अस्पताल पहले से तय करे और उसी के हिसाब से बिल वसूले, लेकिन ये कानून अभी तक सिर्फ देश के 7 राज्यों और 6 केंद्र शासित प्रदेश में लागू किया गया है, डॉक्टरों की एक बड़ी Lobby इसका विरोध करती रही है.

इस कानून को लागू करने में दूसरी समस्या ये भी है कि हमारे सिस्टम में स्वास्थ्य सेवाएं राज्य की जिम्मेदारियों में आती हैं। इसलिए केंद्र सरकार द्वारा बनाए गये इस बिल को लागू करने या न करने का फैसला राज्यों को लेना है. उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और बिहार जैसे राज्यों ने इस कानून को सैद्धांतिक तौर पर मान तो लिया लेकिन इसे अपनाने की प्रक्रिया अब तक शुरु नहीं की है.

आप समझ सकते हैं कि आम इंसान की फिक्र करने वाले सिस्टम को आपकी कितनी चिंता है, हमारे देश में किसी मरीज की चिकित्सा करने को एक सम्मानजनक पेशा माना जाता है. लेकिन दुख की बात ये है कि देश के प्राइवेट अस्पताल मरीजों के दर्द को दूर करने से ज्यादा पैसा कमाने का जरिया बन गये हैं.

हम यहां साफ कर देना चाहते हैं कि हम किसी भी अस्पताल की कमाई पर सवाल नहीं उठा रहे हैं, हम सिर्फ देश के आम और गरीब इंसान को बेहतर और किफायती इलाज दिए जाने के बारे में बात कर रहे हैं. क्योंकि ये अधिकार देश का सिस्टम भी उन्हें देता है. लेकिन ज्यादातर प्राइवेट अस्पताल उनके इस अधिकार को छीन लेते हैं.

आपको ये जानकारी होनी चाहिए कि देश की सरकारें प्राइवेट अस्पतालों के निर्माण के लिए Subsidise रेट पर जमीन उपलब्ध करवाती है, इसके अलावा अस्पतालों को सस्ती रेट पर बिजली और पानी की सुविधाएं भी दी जाती है। वर्ष 2011 में सुप्रीम कोर्ट ने अस्पतालों को ये आदेश दिया था 25 प्रतिशत OPD और 10 प्रतिशत अस्पताल में भर्ती होने वाले गरीब मरीजो का फ्री में इलाज किया जाए.

इसके अलावा वर्ष 2007 में दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली के 38 प्राइवेट अस्पतालों को ये आदेश दिया था कि वो 10 प्रतिशत ठमक गरीबों के इलाज के लिए आरक्षित रखें ये अस्पताल सरकार के द्वारा subsidised rates पर मिली जमीन पर तैयार किये गये हैं.

यहां हमें ये भी याद रखना होगा कि देश के सारे प्राइवेट अस्पताल और डॉक्टर बेईमान नहीं हैं आज भी भारत में अच्छे डॉक्टरों की संख्या ज्यादा है। एक बार फिर हम आपको बता दें कि आपके साथ अगर कोई डॉक्टर या अस्पताल धोखा कर रहा है तो इसकी शिकायत Medical Council of India को कर सकते हैं.

ये शिकायत कहां करनी है और कैसे करनी है इसकी जानकारी आप अपनी टेलिविजन स्क्रीन से नोट कर सकते हैं. इसके अलावा आप अस्पतालों और स्वास्थ्य मंत्री के Twitter Handles और Social Media Accounts को Tag करके अपनी आवाज उठा सकते हैं.

भारत की सालाना प्रति व्यक्ति आय 1 लाख 3 हजार 219 रुपये है. यानी औसतन 8 हजार 601 रुपये प्रति महीना। हमारे देश में कम से कम 29 फीसदी लोग गरीब हैं यानी हर 10 में से 3 लोग गरीब हैं। ग्रामीण इलाकों में हर महीने 972 रुपये से कम कमाने वाला व्यक्ति गरीब माना जाता है और शहरी इलाकों में हर महीने 1407 रुपये से कम कमाने वाले व्यक्ति को गरीब माना जाता है.

अब आप सोचिए कि जिस देश में हर 10 में से तीन लोग गरीब हों और जहां की प्रति व्यक्ति आय सिर्फ 8 हजार 601 रुपये प्रति महीना हो उस देश में डेंगू के बुखार का इलाज करने के लिए 16 लाख रुपये का बिल कैसे बनाया जा सकता है ?

हम यहां साफ कर देना चाहते हैं कि हम किसी भी अस्पताल की कमाई पर सवाल नहीं उठा रहे हैं, हम सिर्फ देश के आम और गरीब इंसान को बेहतर और किफायती इलाज दिए जाने की वकालत कर रहे हैं। क्योंकि ये अधिकारदेश का सिस्टम भी उन्हें देता है। लेकिन ज्यादातर प्राइवेट अस्पताल उनके इस अधिकार को छीन लेते हैं। हमारे देश में बहुत सारे डॉक्टर आज भी ऐसे हैं जो मानवता की सेवा कर रहे हैं और मरीजों की मदद कर रहे हैं.

भारत जैसे देश में चिकित्सा को Luxury नहीं माना जा सकता. जरा सोचिए सात-आठ हजार रुपये कमाने वाला व्यक्ति अपने बच्चे का इलाज करने के लिए 16 लाख रुपये कहां से लाएगा. लेकिन हमारे देश के प्राइवेट अस्पताल असहनशील हो चुके हैं और वो मानवता की सेवा वाले Mode से निकलकर पैसे वाले पीर बन गये हैं। अब उन्हें किसी की जान बचाने में नहीं पैसा कमाने में संतुष्टि मिलती है। मेडिकल क्षेत्र में ऐसा बिजनेस मॉडल विदेशों में तो चल सकता है। लोगों का मेडिकल इंश्योरेंस होता है। लेकिन भारत जैसे गरीब देश में प्राइवेट अस्पताल किसी बिल्डर या प्रॉपर्टी डीलर की तरह व्यवहार नहीं कर सकते. देश की सरकार को इसके बारे में जल्द ही कुछ करना होगा. एक गरीब व्यक्ति को इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि स्वास्थ्य सेवाएं राज्य का विषय हैं या केंद्र का....

गलत प्रोडक्ट या सर्विस दी गई है तो उसके बदले मुआवजा क्लेम करने का अधिकार है।

कन्ज्यूमर राइट्स ऑर्गेनाइजेशन

हर व्यक्ति को स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराना सरकार की है जिम्मेदारी

भारतीय संविधान ने अनुच्छेद-21 के तहत जीने के अधिकार में 'स्वास्थ्य के अधिकार' को वर्णित किया है

मरीजों को अस्पताल में इलाज या जांच से पहले अपनी बीमारी जानने का अधिकार है

नई दिल्ली।

समाज में किसी व्यक्ति का स्वस्थ रहना न सिर्फ उसकी जरूरत है, बल्कि उसका बुनियादी और एक प्राकृतिक अधिकार है। यह इसलिए भी क्योंकि एक व्यक्तिका स्वस्थ रहना ही उसके संपूर्ण विकास का आधार होता है।

भारतीय संविधान ने भी अनुच्छेद-21 के तहत जीने के अधिकार में 'स्वास्थ्य के अधिकार' को वर्णित किया है। ऐसे में एक व्यक्ति की स्वास्थ्य जरूरतों को पूरा करना सरकार की जिम्मेदारी है।

10 दिसंबर 1948 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने मानव अधिकार पर सार्वभौम (यूनिवर्सल) घोषणा पत्र जारी किया था, जिसमें लोगों की स्वतंत्रता और समानता जैसे मुद्दों के साथ चिकित्सीय देखभाल यानि स्वास्थ्य के अधिकार को प्रमुखता से रखा गया था।

भारतीय चिकित्सा परिषद (एमसीआई) की नीति व नियमावली- 2002 में मरीजो के अधिकार और डॉक्टर की कार्यप्रणाली को बताया गया है।

एमसीआई अधिनियम, 1956 में बताया गया है कि चिकित्सा व्यवसाय का मुख्य उद्देश्य मानवता की सेवा करना है।

जानिए मरीजों के स्वास्थ्य अधिकार...

हर व्यक्ति को धर्म, जाति, लिंग या आर्थिक आधार पर भेदभाव किए बिना स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराना सरकार की जिम्मेदारी है।

हर मरीज को सभी अस्पतालों में आपातकालीन चिकित्सा लेने का हक है। इसके लिए कोई भी डॉक्टर या कर्मचारी किसी आधार पर मना नहीं कर सकता है।

अस्पताल में इलाज या जांच से पहले मरीज को अपनी बीमारी जानने का अधिकार है।

मरीज या उसके परिजन को इलाज का खर्च, मेडिकल रिकॉर्ड, दवाईयों, डॉक्टर के बारे में और अन्य विकल्पों को जानने का पूरा अधिकार है।

अस्पताल में इलाज के दौरान मरीज को अपनी निजता को पाने का हक है।

किसी भी व्यक्तिया मरीज के साथ डॉक्टर द्वारा गलत व्यवहार, धोखाधड़ी, गलत दवाई देने, फर्जीवाड़े या इससे संबंधित किसी भी समस्या पर आप भारतीय चिकित्सा परिषद या राज्यों के चिकित्सा परिषद में शिकायत कर सकते हैं।

हाल ही में दिल्ली के दो बड़े प्राइवेट अस्पतालों फोर्टिस और मैक्स में हुई लापरवाही और घटनाओं की शिकायत भी भारतीय चिकित्सा परिषद में की जा सकती है।

इसके अलावा किसी भी दवा विक्रेता द्वारा गलत या नकली दवाई देने या अधिक दाम वसूलने पर आप नेशनल फार्मास्यूटिकल्स प्राइसिंग अथॉरिटी (एनपीपीए) के पास शिकायत कर सकते हैं।

http://www.newsstate.com/know-your-rights/your-rights-as-a-patient-hospital-fundamental-rights-medical-council-of-india-article-43683.html
Saket Anand | Updated On : December 04] 2017 10:18 PM

जानें अपने अधिकार :

ट्रैफिक हवलदार नहीं निकाल सकता आपके गाड़ी की चाबी

ट्रैफिक पुलिस वाला बिना वर्दी पहने आपका चालान नहीं काट सकता।
हेड कॉन्स्टेबल 100 रुपये तक का फाइन ही ले सकता है इसके अलावा वो सिर्फ गाड़ी का नंबर नोट कर सकता है।

नई दिल्ली।

यातायात नियम को लेकर लोगों के मन में बहुत सारी भ्रांतियां है। जैसे कि क्या कोई ट्रैफिक पुलिस आपकी गाड़ी से चाबी निकाल सकता है ? आइए जानते हैं ट्रैफिक से जुड़े कुछ ऐसे ही खास नियम।

किसी भी ट्रैफिक हवलदार के पास आपकी गाड़ी से चाबी निकालने का अधिकार नहीं है। इतना ही नहीं ट्रैफिक हवलदार आपकी गाड़ी को रोक कर आपसे पेपर दिखाने की भी मांग नहीं कर सकता।

ट्रैफिक पुलिस वाला बिना वर्दी पहने आपका चालान नहीं काट सकता।

बता दें कि ट्रैफिक पुलिस में कॉन्स्टेबल से लेकर एसआई तक सभी सफेद रंग की वर्दी पहनते हैं, वहीं ट्रैफिक इंस्पेक्टर और उससे बड़े पद के अधिकारी खाकी वर्दी।

हेड कॉन्स्टेबल 100 रुपये तक का फाइन ही ले सकता है इसके अलावा वो सिर्फ गाड़ी का नंबर नोट कर सकता है। इंडियन मोटर व्हीकल एक्ट, सेक्शन 132 के तहत इससे ज्यादा का जुर्माना ट्रैफिक ऑफिसर यानी एएसआई या एसआई ही वसूल कर सकता है।

अगर कोई व्यक्ति सड़क पर नियम तोड़कर भाग जाता है तो उस स्थिति में पुलिस गाड़ी का नंबर नोट कर घर पर चालान भिजवा देती है। आपको जुर्माना भरने के लिए एक महीने का वक्त दिया जाता है। जुर्माना अगर समय पर नहीं भरा गया तो उस स्थिति में चालान कोर्ट भेज दिया जाता है।

कोर्ट के चालान आमतौर पर कधनून तोड़ने की गंभीर घटनाओं में काटे जाते हैं और इस स्थिति में जुर्माना और सजा दोनों का प्रावधान है।

शराब पीकर गाड़ी चलाना भी गंभीर अपराध के श्रेणी में आता है। और ऐसे हालात में भी जुर्माना भरने के लिए कोर्ट जाना होता है, इस तरह के मामले में पुलिस आपसे ऑन द स्पॉट चालान नहीं ले सकती।

अगर किसी अन्य मामले में भी आप ऑन द स्पॉट फाइन नहीं

दे पाते हैं तो आपको कोर्ट में जाकर चालान भरना होगा। इस तरह की परिस्थिति में पुलिस आपका चालान कोर्ट जाने के लिए काटती है और बाद में सुनिश्चित की गई तारीख के दिन कोर्ट में पेश होना होता है।

हालांकि इस तरह के केस में पुलिसवाला आपका ओरिजनल डीएल (ड्राइविंग लाइसेंस) रखकर एक रिसीविंग रसीद देता है, जिसे आप कोर्ट में पेश होने के बाद जुर्माना भर कर वापस पा सकते हैं।

ग्राहक को मन मुताबिक वैरायटी देखने और चुनने का अधिकार है।

कन्ज्यूमर राइट्स ऑर्गेनाइजेशन

Deepak Singh Svaroci | Updated On : December 03] 2017 10:14 PM
http://www.newsstate.com/know-your-rights/traffic-police-does-not-have-the-right-to-take-out-keys-from-your-vehicle-article-43624.html

जानें अपने अधिकार :

ट्रैफिक में चालान कटने पर नकद पैसा देना जरुरी नहीं

पुलिस या कोई अन्य अधिकारी तुरंत चालान भरने के लिए आप पर दबाव नहीं बना सकता है
कई शहरों में राज्य/शहर के ट्रैफिक पुलिस वेबसाइट पर ऑनलाइन चालान जमा करने का प्रावधान है

नई दिल्ली।

आम तौर पर अगर किसी की गाड़ी पकड़ी जाती है और उनके पास नकद पैसे नहीं होते हैं तो वो परेशान हो जाते हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि आप चालान की राशि बाद में या फिर डिजिटल तरीके से भी जमा करवा सकते है।

पुलिस या कोई अन्य अधिकारी तुरंत चालान भरने के लिए आप पर दबाव नहीं बना सकता है।

इतना ही नहीं ट्रैफिक ब्रांच ऑफिसर, सहायक सब-इंस्पेक्टर या उससे ऊपरी रैंक के अधिकारी ही ट्रैफिक नियम उल्लंघन करने पर चालान की राशि ले सकता है।

मोटर वेहिकल एक्ट - 1988 के सेक्शन 206(2) के अनुसार, अगर आप मौके पर जुर्माना नहीं दे पाते हैं या नहीं देना चाहते हैं, तो इसके लिए आप स्वतंत्र हैं। हां इसके बदले में आपको अपना ड्राइविंग लाइसेंस जमा कराना होगा और ट्रैफिक अधिकारी से एक स्वीकृति रसीद लेनी होगी, जिसके बाद आप आसानी से ड्राइविंग कर सकतें हैं।

इसके बाद आप तारीख वाले दिन कोर्ट में पहुंच कर अपना ड्राइविंग लाइसेंस वापस ले सकते हैं।

इसके अलावा आप ये तरीके भी अपना सकते हैं...

कई शहरों में राज्य/शहर के ट्रैफिक पुलिस वेबसाइट पर ऑनलाइन चालान जमा करने का प्रावधान होता है।

शहर के किसी भी ट्रैफिक पुलिस स्टेशन में जाकर जुर्माना राशि भरा जा सकता है।

एनफोर्समेंट ऑटोमेशन सेंटर पर भी चालान की राशि जमा की जा सकती है।

साथ ही किसी भी सरकारी अधिकारिक बिल भुगतान केन्द्र पर भी चालान राशि जमा हो सकता है।

इसके अलावा कुछ ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन करने की स्थिति में (शराब पीकर ड्राइविंग, बिना परमिट और बिना इंश्योरेंस के गाड़ी चलाना) आप जुर्माने की राशि सिर्फ कोर्ट में ही जमा कर सकते हैं।

किसी भी सामान या सर्विस की क्वालिटी, क्वांटिटी और प्राइस जानने का अधिकार है।

कन्ज्यूमर राइट्स ऑर्गेनाइजेशन

Saket Anand | Updated On : November 22] 2017 11:47 PM
http://www.newsstate.com/know-your-rights/police-cannot-insist-for-cash-payments-for-challans-article-42871.html

जानें अपने अधिकार :

'जीरो FIR' के तहत महिलाएं किसी भी थाने में दर्ज करा सकती हैं शिकायत

सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार कोई भी शिकायतकर्ता/महिला किसी भी पुलिस स्टेशन पर शिकायत दर्ज करवा सकती है

2012 में निर्भया मामले के बाद आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम 2013 में 'जीरो एफआईआर' का प्रावधान किया गया था

नई दिल्ली।

हमारे समाज में महिलाओं के खिलाफ हो रही अपराध की घटनाएं दिन-प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। हर रोज महिलाओं से जुड़ी अपराध की खबरें सुनाई देती है लेकिन कई बार ऐसा भी होता है जब महिलाएं जानकारी के अभाव में शिकायत दर्ज नहीं करा पाती।

लोगों के पास एक ऐसा अधिकार है जिसका इस्तेमाल कर वो अपने साथ हुई सभी तरह की घटना की रिपोर्ट किसी भी थाने में लिखवा सकते हैं। इसे जीरो एफआईआर कहते हैं।

शिकायतकर्ता 'जीरो एफआईआर' के तहत किसी भी पुलिस स्टेशन में जाकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

'जीरो एफआईआर' महिलाओं के लिए काफी मददगार साबित हुई है, क्योंकि कई बार डर या किसी अन्य कारणों से वो अपनी शिकायत संबंधित थाने में दर्ज नहीं करा पाती थीं।

सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार कोई भी शिकायतकर्ताध महिला किसी भी पुलिस स्टेशन पर शिकायत दर्ज करवा सकती है और पुलिस स्टेशन इसके लिए मना नहीं कर सकता।

पुलिस को अपराध की सूचना देने में देरी न हो इसलिए जरूरी है कि जल्द-से-जल्द शिकायत दर्ज करवाई जाए।

एफआईआर दर्ज करने के बाद पुलिस बिना जांच किए मामले को संबंधित थाने में नहीं भेज सकती।

'जीरो एफआईआर' इसलिए भी जरूरी है क्योंकि इस पर मामले की जांच आगे बढ़ेगी और सबूत नष्ट होने का खतरा नहीं रहेगा।

ऐसे दर्ज होती है जीरो एफआईआर...

'एफआईआर' की तरह ही इसमें भी शिकायतकर्ता का बयान दर्ज किया जाता है।

घटना को पुलिस के पास लिखित रूप में दर्ज करवाना होता है।

शिकायत दर्ज करवाने के बाद पेपर/रजिस्टर पर हस्ताक्षर करना जरूरी होता है।

पीड़िता को अपने पास शिकायत पेपर की एक कॉपी रखने का भी अधिकार है।

2012 में निर्भया के साथ हुए जघन्य अपराध के बाद आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम 2013 में 'जीरो एफआईआर' का प्रावधान किया गया था। एफआईआर न लेने की स्थिति में शिकायतकर्ता अपने इलाके के मजिस्ट्रेट के पास पुलिस को निर्देशित करने के लिए कम्प्लेंट पेटिशन दायर करवा सकते हैं।

किसी सर्विस या प्रोडक्ट से संतुष्ट न होने पर ग्राहक को शिकायत करने का अधिकार है।

Vineeta Mandal | Updated On : November 16, 2017 09:17 PM

http://www.newsstate.com/know-your-rights/a-woman-can-lodge-an-fir-at-any-police-station-cops-cannot-refuse-article-42418.html

जानें अपने अधिकार :

परिवार देगा रोटी, कपड़ा, मकान क्योंकि भरण-पोषण आपका हक

भरण-पोषण के अधिकार के तहत देश के सभी नागरिकों को उनके परिवार से रोटी, कपड़ा और मकान पाना उनका कानूनी हक है

भारतीय दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 125 के मुताबिक पत्नी, बच्चों और माता-पिता को भरण पोषण का कघनूनी अधिकार है

जीवन की भागा-दौड़ी में हम सब इतने मशरुफ हो गए हैं कि हमें अपने अधिकारों तक का इल्म नहीं रहता। शायद यही कारण है कि आज शहर दर शहर इतने सारे वृद्धाश्रम और महिला सदन आश्रय खुलते जा रहे हैं।

क्या आपको पता है भरण-पोषण के अधिकार के तहत देश के सभी नागरिकों को उनके परिवार से रोटी, कपड़ा और मकान पाना उनका कघनूनी हक है। इस अधिकार के दायरे में पत्नी, बच्चे, माता-पिता सभी आते हैं।

क्या है भरण-पोषण का अधिकार ?

1. किसी व्यक्ति की समान्य जरूरतों को पूरा करने के लिए आर्थिक मदद पाना।
2. हिंदू दत्तक और भरण-पोषण अधिनियम धारा 3(ख) के मुताबिक सभी स्थिति में खाना, कपड़ा, घर, शिक्षा और इलाज इसमें आता है।
3. इसके साथ ही अविवाहित बेटी की शादी की जिम्मेदारी भी आती है।

किसे है भरण-पोषण पाने का अधिकार ?

1. इसमें माता-पिता, दादा-दादी और सौतेली मां भी आती है।
2. विवाहित, तलाकशुदा और विधवा महिला को भी भरण-पोषण प्राप्त करने का अधिकार है।
3. विधवा बेटी, बहू, पौत्रवधू, अविवाहित पोता-पोती, बेटी, और अवयस्क पोता-पोती, अवयस्क बेटा-बेटी भी आते है।

क्या है भरण-पोषण अधिकार के नियम ?

1. मृत व्यक्ति के उत्तराधिकारी से आश्रित उतना ही भरण-पोषण पा सकते हैं, जितनी मृत व्यक्ति की संपत्ति उनके पास है।
2. आश्रित भरण-पोषण की मांग तभी कर सकता है, जब मृत व्यक्ति की संपत्ति में से उत्तराधिकारी के रुप में कोई अंश नहीं मिला है। चाहे उत्तराधिकारी के नाम पर वसीयत हो या न हो।
3. जो भी व्यक्ति संपत्ति लेता हैं उन सब की जिम्मेदारी होती है कि वो बंटवारे के आधार पर ही अपनी जिम्मेदारी ले।

भारतीय दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 125 के मुताबिक पत्नी, बच्चों और माता-पिता को भरण पोषण का कानूनी अधिकार है। वहीं पति, पिता और पुत्रों पर पत्नी, बच्चों और माता-पिता के भरण पोषण की जिम्मेदारी डाली गयी है।

ग्राहक को सुरक्षा का अधिकार है। यानी जो चीजें आप खरीदते हैं उनसे भविष्य में भी कोई नुकसान नहीं होना चाहिए।

कन्ज्यूमर राइट्स ऑर्गेनाइजेशन

Vineeta Mandal | Updated On : November 16, 2017 09:17 PM

http://www.newsstate.com/know-your-rights/right-to-maintenance-indian-parents-and-senior-citizens-article-43141.html

जानें अपने अधिकार :

सूर्यास्त के बाद नहीं हो सकती महिला की गिरफ्तारी

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक सूर्यास्त के बाद और सूर्योदय से पहले किसी भी महिला को गिरफ्तार नहीं किया जा सकता है

धारा-47(2) के अनुसार महिला की तलाशी केवल दूसरी महिला द्वारा ही शालीन तरीके से ली जाएगी

आज पूरी दुनिया में महिलाओं ने अपनी मेहनत और दृढ़ इच्छा शक्ति की बदौलत समाज में अपनी जगह बनाई है। वहीं दूसरी तरफ कई ऐसी महिलाएं भी हैं जिन्हें अपने अधिकारों के बारे में पता ही नहीं है।

कई मामलों में पुलिस पर भी गंभीर लापरवाही बरतने का आरोप है। ऐसे में जरुरी है कि नागरिकों को भी कानून द्वारा दिए गए अपने अधिकारों के बारे में सही जानकारी हो।

पिछले कुछ समय में कई ऐसे मामले उजागर हुए जिसमें ये देखा गया कि पुलिस कर्मियों द्वारा महिलाओं को देर रात गिरफ्तार करने को लेकर परेशान किया जाता है। जिसके बाद माननीय सुप्रीम कोर्ट ने महिलाओं के हितों को देखते हुए एक आदेश जारी किया है।

सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश के मुताबिक सूर्यास्त के बाद और सूर्योदय से पहले किसी भी महिला को गिरफ्तार नहीं किया जा सकता है। इतना ही नहीं इस दौरान पुलिस किसी भी महिला को पूछताछ के लिए थाने भी नहीं बुला सकती है।

अगर पुलिस के साथ महिला पुलिस भी हो उस स्थिति में भी महिला को सूर्यास्त के बाद और सूर्योदय से पहले गिरफ्तार या हिरासत में नहीं लिया जा सकता है।

अपराधिक दंड संहिता (सीआरपीसी) की धारा 46(4) 1973, महिलाओं की गिरफ्तारी से जुड़े प्रावधानों को स्पष्ट करता है। जिसके मुताबिक कुछ विशेष परिस्थितियों को छोड़कर सूर्यास्त के बाद और सूर्योदय से पहले किसी महिला को गिरफ्तार नहीं किया जा सकता है।

वहीं विशेष परिस्थिति में महिला की गिरफ्तारी के समय किसी महिला पुलिस अधिकारी का होना जरूरी है। इतना ही नहीं साथ में लोकल फर्स्ट क्लास न्यायिक मजिस्ट्रेट का लिखा हुआ वारंट भी होना चाहिए।

बता दें कि 21 दिसम्बर 2012 को भारती बनाम जाधव केस मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट ने इस कघनून का प्रयोग करते हुए सूर्यास्त के बाद और सूर्योदय से पहले गिरफ्तारी पर रोक लगाई थी।

धारा-47(2) के अनुसार महिला की तलाशी केवल दूसरी महिला द्वारा ही शालीन तरीके से ली जाएगी।

महिला चाहे तो पुलिस से अपनी गिरफ्तारी का कारण पूछ सकती है और चाहे तो तलाशी लेने वाली महिला पुलिसकर्मी की भी तलाशी ले सकती है।

गिरफ्तारी के बाद महिला को केवल महिलाओं के लिए बने लॉकअप में ही रखा जाएगा। लॉकअप नहीं होने की स्थिति में महिला को किसी कमरे में बंद कर रखा जा सकता है।

पुलिस द्वारा मार-पीट या दुर्व्यवहार के मामले में महिला मजिस्ट्रेट से डॉक्टरी जांच की मांग कर सकती है।

Deepak Singh Svaroci | Updated On : November 14] 2017 10:24 PM

http://www.newsstate.com/know-your-rights/right-to-maintenance-indian-parents-and-senior-citizens-article-43141.html

जानें अपने अधिकार :

पिता की संपत्ति में बेटी को है बराबरी का हक

देश में पिता की संपत्ति पर बेटे के बराबर ही बेटियों का अधिकार भी है

हिंदू उत्तराधिकार (संशोधन) अधिनियम 2005 के अधिनियम में है बराबरी का हक

हमारे देश में स्त्री-पुरुष के बीच भेदभाव अब भी जारी है। हालांकि कघनून ने स्त्रियों को सबल बनाने के लिए वो सारे अधिकार दिए हैं। इसके बावजूद बहुत सारी महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति जागरुक नहीं होने की वजह से परेशानी झेलती हैं।

देश में पिता की संपत्ति पर बेटे के बराबर ही बेटियों का अधिकार भी है।

हिंदू उत्तराधिकार (संशोधन) अधिनियम 2005 के अधिनियम की नई धारा 6 के मुताबिक बेटे और बेटियों को संपत्ति पर बराबरी का अधिकार है।

अक्टूबर 2011 में सुप्रीम कोर्ट में गंडूरी कोटेश्वरम्मा की तरफ से दायर की गई याचिका पर फैसला सुनाते हुए न्यायमूर्ति आरएम लोढ़ा और जगदीश सिंह खेहर ने इसी अधिनियम का हवाला देते हुए कहा था कि बेटियां भी अपने अन्य सहोदर भाई-बहनों की तरह ही संपत्ति का अधिकार रखती हैं।

इस फैसले में यह भी कहा गया कि अगर बेटियों को बेटों के बराबर उत्तराधिकार का अधिकार नहीं दिया जाता है तो यह संविधान के द्वारा दिए गए समानता के मौलिक अधिकारों का हनन होगा।

बेटियों को पिता की संपत्ति में हकघ्नहीं देना एक ओर समानता के मौलिक अधिकारों का हनन है तो दूसरी ओर यह सामाजिक न्याय की भावना के भी विरुद्ध है।

हालांकि कोर्ट ने ये भी बताया कि बेटी को संपत्ति में बराबर का हिस्सेदार तभी माना जाएगा, जब पिता 9 सितंबर 2005 के बाद जीवित हों।

गौरतलब है कि हिंदू उत्तराधिकार कघनून 1956 में बेटी के लिए पिता की संपत्ति में किसी तरह के कघनूनी अधिकार की बात नहीं कही गई थी।

बाद में 9 सितंबर 2005 को इसमें संशोधन लाकर पिता की संपत्ति में बेटी को भी बेटे के बराबर का अधिकार दिया गया।

Deepak Singh Svaroci | Updated On : November 21, 2017 11:10 PM

http://www.newsstate.com/know-your-rights/right-to-maintenance-indian-parents-and-senior-citizens-article-43141.html

जानें अपने अधिकार :

गरीबों को न्याय के लिए सरकारी खर्च पर वकील रखने का हक

भारतीय संविधान में देश की जनता को समानता के अधिकार की तरह न्याय का अधिकार भी दिया गया है। इसमें न्यायपालिका यह सुनिश्चित करती है कि गरीबों और कमजोर वर्गों के लिए नि:शुल्क कानूनी सहायता मुहैया कराई जाए। यह अधिकार संविधान के अनुच्छेद 39 ए के तहत दिया गया है।

भारतीय संविधान में देश की जनता को समानता के अधिकार की तरह न्याय का अधिकार भी दिया गया है। इसमें न्यायपालिका यह सुनिश्चित करती है कि गरीबों और कमजोर वर्गों के लिए नि:शुल्क कानूनी सहायता मुहैया कराई जाए। यह अधिकार संविधान के अनुच्छेद 39 ए के तहत दिया गया है।

1987 में विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम पास किया गया था, जिसके मुताबिक प्रत्येक राज्य का यह उत्तर दायित्व है कि सभी को न्याय मिल सके।

इसके तहत एक तंत्र की स्थापना करने को कहा गया था जिससे कमजोर वर्ग के लोगों तक कानूनी सहायता सुगम रूप से पहुंच सके। इस तंत्र का काम कार्यक्रम लागू करना, उसका मूल्यांकन और निगरानी करना है।

इस अधिनियम के पास होने के बाद प्रत्येक राज्य में कानूनी सहायता प्राधिकरण, प्रत्येक उच्च न्यायालय में उच्च न्यायालय कानूनी सेवा समिति का गठन किया गया। जिला कानूनी सहायता प्राधिकरण और तालुका कानूनी सेवा समितियां जिला और तालुका स्तर पर बनाई गई हैं।

इस कानून के तहत कई तरह की स्कीम शुरू की गई हैं जिनमें से सबसे ज्यादा प्रचलित स्कीम है लोक अदालत।

इन सुविधाओं को किया गया शामिल

- किसी भी कानूनी कार्यवाही में कोर्ट की फीस से लेकर सभी तरह के प्रभार अदा करना
- कानूनी कार्यवाही में वकील उपलब्ध कराना
- कानूनी कार्यवाही में आदेशों आदि की प्रमाणित प्रतियां प्राप्त करना

- कानूनी कार्यवाही में अपील और दस्तावेज का अनुवाद और छपाई सहित पेपर बुक तैयार करना

इन्हें मिलेगी मुफ्त कानूनी सहायता

- असहाय महिलाएं और बच्चे
- अनुसूचित जातिध्अनुसूचित जनजाति के सदस्य
- औद्योगिक श्रमिक
- बड़ी आपदाओं से प्रताड़ित लोग, जैसे हिंसा, बाढ़, सूखा, भूकंप, औद्योगिक आपदा आदि
- विकलांग व्यक्ति
- पुलिस की हिरासत में आरोपी
- वे लोग जिनकी सालाना इनकम 50 हजार से ज्यादा नहीं है
- बेगार या अवैध मानव व्यापार के शिकार लोग

Narendra Hazari | Updated On : November 21] 2017 12:49 AM

http://www.newsstate.com/know-your-rights/know-your-rights-in-indian-constitution-right-to-free-legal-aid-for-justice-to-everyone-article-42710.html

जानें अपने अधिकार :

खराब क्वालिटी की वजह से हुए नुकसान के खिलाफ कर सकते हैं शिकायत

उपभोक्ता वस्तु या सेवा की खराब गुणवत्ता के खिलाफ शिकायत दर्ज करवा सकता है
अगर क्षतिपूर्ति की राशि 20 लाख रूपये से कम है तो जिला फोरम में शिकायत करें
उपभोक्ताओं को जीवन और संपत्ति के लिए घातक पदार्थों या सेवाओं की बिक्री से बचाव का अधिकार है

बाजारवाद के दौर में आज हर कोई (उपभोक्ता) धड़ल्ले से खरीदारी कर रहा है लेकिन क्या आपको पता भी है कि बतौर उपभोक्ता आपको क्या-क्या अधिकार दिए गए हैं ?

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के अनुसार हर वो व्यक्ति जो अपने उपयोग के लिये सामान अथवा सेवायें खरीदता है वह उपभोक्ता है।

कंपनी या दुकानदारों द्वारा ज्यादा मुनाफा कमाने की होड़ में नुकसान उपभोक्ताओं को उठाना पड़ रहा है। कई बार मिलावटखोरी और खराब गुणवत्ता की वजह से लोगों को जान-माल का भी नुकसान झेलना पड़ता है।

ऐसी स्थिति में उपभोक्ता वस्तु या सेवा की खराब गुणवत्ता के खिलाफ शिकायत दर्ज करवा सकता है।

उपभोक्ताओं को जीवन और संपत्ति के लिए घातक पदार्थों या सेवाओं की बिक्री से बचाव का अधिकार है।

घरेलू एलपीजी के फटने पर हुई किसी भी तरह के जान-माल के नुकसान के लिए 40 लाख बीमा कवर क्लेम की जा सकती है।

अगर कोई उपभोक्ता राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग के निर्णय के खिलाफ अपील करना चाहता है तो वो सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल करा सकता है।

शिकायत कहां की जाये

अगर क्षतिपूर्ति की राशि 20 लाख रूपये से कम है तो जिला फोरम में शिकायत करें।

यदि यह राशि 20 लाख रूपये से अधिक लेकिन एक करोड़ रूपये से कम है तो राज्य आयोग के समक्ष।

यदि एक करोड़ रूपसे अधिक है तो राष्ट्रीय आयोग के समक्ष शिकायत दर्ज करायें।

शिकायत कैसे करें

शिकायत सादे कागज पर की जा सकती है और इसके लिए किसी वकील की जरूरत नहीं है।

शिकायत में उपभोक्ता का नाम और जिसकी शिकायत की जा रही है उसका नाम, पता, शिकायत से संबंधित तथ्य और यह कहां हुआ आदि का विवरण होना चाहिए।

शिकायत के साथ आरोप के समर्थन में दस्तावेज भी होने चाहिये।

शिकायत दर्ज कराने के लिये नाममात्र का न्यायालय शुल्क लिया जाता है।

शिकायत दर्ज कराने के अन्य तरीके

राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन ने किसी तरह की शिकायत दर्ज कराने के लिए टोल फ्री नंबर भी जारी किया है।

BSNL और MTNL उपभोक्ताओं के लिए - 1800114000

उपभोक्ता मेल के जरिए भी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। web@nationalconsumerhelpline.in

या राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन, उपभोक्ता अध्ययन केंद्र, भारतीय लोक प्रशासन संस्थान, आईपी एस्टेट, रिंग रोड, नई दिल्ली - 110002 को खत लिखकर भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

Deepak Singh Svaroci | Updated On : November 16] 2017 04:25 PM

http://www.newsstate.com/know-your-rights/right-to-safety-the-consumer-protection-rights-you-must-know-article-42334.html

जानें अपने अधिकार :

कानून आपको देता है रोजी–रोटी कमाने का अधिकार

भारत के प्रत्येक नागरिक को उसकी पसंद के मुताबिक रोजी–रोटी कमाने का हक है

भारतीय संविधान में इसे 'काम के अधिकार' के तहत परिभाषित किया गया है

भारत के प्रत्येक नागरिक को उसकी पसंद के मुताबिक रोजी–रोटी कमाने का हक है। संविधान में इसे 'काम के अधिकार' के तहत परिभाषित किया गया है।

भारत के संविधान में अनुच्छेद 41–43 में राज्य को सभी नागरिकों के लिए काम का अधिकार, न्यूनतम मजदूरी, सामाजिक सुरक्षा, मातृत्व राहत और एक शालीन जीवन स्तर सुरक्षित करने के प्रयास करने के अधिकार दिए गए हैं।

रोजी–रोटी कमाने का हक भारतीय संविधान में मूल अधिकारों के रूप में लोगों को दिया गया है। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकारों में भी आर्थिक, समाजिक और सांस्कृतिक अधिकारों के साथ रोजी–रोटी कमाने के हक को सुरक्षित किया गया है।

मानवाधिकार पर घोषित सार्वभौम प्रस्ताव (UDHR) के अनुसार किसी भी व्यक्ति को काम करने के अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता है।

4 अगस्त 2005 में महाराष्ट्र सरकार और शोभा विट्ठल के केस में सुप्रीम कोर्ट ने बताया कि 'काम करने का हक' आर्टिकल 21 में निहित श्जीवन के अधिकारश के तहत सुरक्षित है।

संविधान के अनुच्छेद 41 में लिखा है, बेरोजगारी में, बुढ़ापे में, बीमारी में, विकलांगता की स्थिति में लोगों को उनकी जरूरत के मुताबिक काम करने का हक, शिक्षा का हक और सामाजिक सहायता का हक दिया जाता है।

काम करने के हक को संविधान में मौलिक अधिकारों की श्रेणी में रखा गया है, जिसमें इसे कानूनी मान्यता दी गई है।

Consumer Protection Act 1986

Consumer Rights

News State Bureau | Updated On : December 12] 2017 11:56 PM

http://www.newsstate.com/know-your-rights/know-your-rights-right-to-work-and-livelihood-is-your-fundamental-right-article-44272.html

जानें अपने अधिकार :

भारत में किसे है बच्चों को गोद लेने का हक, क्या कहता है कानून

हमारे देश में बच्चा गोद लेने के अधिकार को लेकर लोगों के मन में काफी दुविधाएं है। लेकिन हकीकत ये है कि किसी भी बच्चे को गोद लेने के लिए सिर्फ ऑनलाइन आवेदन करने की जरूरत होती है।

आइए गोद लेने की प्रक्रिया से पहले ये जान लें कि किसे बच्चा गोद लेने का अधिकार है।

- कोई भी विवाहित अथवा अविवाहित महिला या पुरुष। लेकिन अविवाहित पुरुष किसी लड़की को गोद नहीं ले सकता है।
- गोद लेने वाले नाबालिग और पागल नहीं होना चाहिए।
- विधवा, अविवाहित, तलाकशुदा महिलाएं भी बच्चा गोद ले सकती है।
- अगर कोई पुरुष किसी बच्ची को गोद लेना चाहता है तो दोनों की उम्र में 21 साल का फर्क होना चाहिए। यही बात महिला पर भी लागू होती है।
- 2006 में किशोरों के लिए बने कानून के तहत मुसलमान भी चाहें तो बच्चा गोद ले सकते हैं।

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पी सदाशिवम् की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने फरवरी 2014 में शबनम हाशमी की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा, ' 2006 के किशोर एवं बाल कानून (जुवेनाइल जस्टिस ऐक्ट) के तहत यह फैसला दिया जाता है कि इस कानून के प्रावधान सभी धर्म और समुदाय पर लागू होंगे। इसमें व्यक्तिगत धार्मिक भावनाओं की कोई दखलअंदाजी नहीं हो सकती।'

गोद लेने की प्रक्रिया

गोद की प्रक्रिया पूरी करने के लिए एक समारोह का आयोजन होता है।

इसके बाद दोनों पक्ष इलाके के सब-रजिस्ट्रार के सामने पेश होते हैं और फिर स्टांप पेपर पर डीड तैयार की जाती है।

डीड पर बच्चा गोद देने वाले और गोद लेने वाले दोनों पैरंट्स के फोटो लगते हैं। इस पर दो गवाहों के दस्तखत होते हैं और लिखा जाता है कि बच्चे को गोद लिया जा रहा है और इसके लिए समारोह का आयोजन हो चुका है।

इसके बाद डीड पर सब-रजिस्ट्रार के दस्तखत होते हैं और इसे रजिस्टर्ड कर दिया जाता है।

अगर कोई शख्स किसी अनाथालय से बच्चा गोद लेता है तो सब-रजिस्ट्रार ऑफिस में देने वाले की जगह अनाथालय का नाम लिखा जाता है।

किन संस्थाओं से बच्चा गोद ले सकते हैं ?

- किसी भी मान्यता प्राप्त भारतीय स्थापन एजेन्सियों से
- केन्द्री य सरकार से अनुदान प्राप्त कर रहे शिशु गृहों से
- संबंधित राज्य सरकारों से लाईसेंस प्राप्तत दत्तक ग्रहण स्थाजपन ऐजेन्सियों से
- ऑनलाइन आवेदन के लिए आपको (http://www-cara-nic-in/Index-aspx) वेबसाइट पर जाकर रजिस्टर करना होगा

इनसे बच्चा गोद न लें

- बिना लाइसेंस की एजेन्सियों/गृहों से
- नर्सिंग होम या अस्पतालों से
- किसी अनजान व्यक्ति से

Vineeta Mandal | Updated On : December 07] 2017 12:31 AM

http://www.newsstate.com/know-your-rights/how-to-adopt-a-child-in-india-you-must-know-rules-and-laws-article-43817.html

CONSUMER RIGHTS ORGANISATION
CRO
INDIA
KNOW YOUR RIGHTS

DELHI STATE TEAM

VIKRANT YADAV
PRESIDENT

PAWAN KUMAR
VICE PRESIDENT

DINESH YADAV
VICE PRESIDENT

AJAY KUMAR
LEGAL ADVISOR

AKIL RATAEEYA
LEGAL ADVISOR

AMIT KUMAR
GENERAL SECRETORY

HARISH KUMAR
ORG. SECRETORY

SAGAR YADAV
ORG. SECRETORY

RUPESH YADAV
JOINT SECRETARY

INDUBALA YADAV
TREASURER

NEERAJ SHARMA
JOINT TREASURER

SUNIL KUMAR YADAV
ADVISOR

MANU
ADVISOR

RADHE MOHAN
EXECUTIVE MEMBER

VISHAL GARG
EXECUTIVE MEMBER

YOGESH SHARMA
EXECUTIVE MEMBER

SANOHA ALEXANDER
EXECUTIVE MEMBER

AMOL PANDURANG SANGALE
EXECUTIVE MEMBER

MAYURESH KISHOR JADHAV
EXECUTIVE MEMBER

RAJAN RAJNARAYAN YADAV
EXECUTIVE MEMBER

ROHIT DIXIT
EXECUTIVE MEMBER

JASWANT
EXECUTIVE MEMBER

CONSUMER RIGHTS ORGANISATION
CRO
INDIA
KNOW YOUR RIGHTS

WEST BENGAL STATE TEAM

RAKESH PANCHOLI
President

KAMINI PANCHOLY
Treasurer

RAKESH ANCHALIA
Vice-President

JITENDRA KOCHAR
Vice-President

VINAY BHUTORIA
Vice-President

MITESH ANCHALIA
Vice-President

AVISHAKE S. CHOWDHURY
Vice-President

GAUTAM KHANDELWAL
Jt. Secretary

TULSI RAM ANCHALIA
Advisor

SUPRIYO SENGUPTA
EXECUTIVE MEMBER

SUDARSHAN MANOT
EXECUTIVE MEMBER

PIYUSH AGARWAL
EXECUTIVE MEMBER

ANIRUDH MURRARKA
EXECUTIVE MEMBER



CONSUMER RIGHTS ORGANISATION
CRO
INDIA
KNOW YOUR RIGHTS

BIHAR STATE TEAM

Shivanand Shinh
President

Abhishek Kumar
Vice-President

Dr. Samrendra Kr.
Gen. Secretary

Rabindra Kr. Ravi
Legal Advisor

Ritu Ragini
Advisor

Kalyani
Advisor

Dr. Amarkant Singh
Legal Advisor

Kamal Nayan
Treasurer

Anjan Kr. Sen
Jt. Secretary

Kamta Prasad Ray
Org. Secretary

Vijay Kr. Singh
Org. Secretary

Pankaj Kr. Singh
Org. Secretary

Ramesh Kumar
Org. Secretary

Ajit Kishore Singh
Org. Secretary

WITH BEST COMPLIMENTS FROM

CONSUMER RIGHTS ORGANISATION
CRO
INDIA

KNOW YOUR RIGHTS

JAGO GRAHAK JAGO

Dr. Farid A.R. Chimaokar
President

Mr. Ansar Dandekar
Vice-President

Mrs. Vaishali Patil
Secretary

Mr. Udhav Avhad
Treasurer

Miss Arunadevi More
Committee Member

Mr. Vidyasagar Gaikwad
Committee Member

Dr. Jalinder Wadawerao
Committee Member

CONSUMER RIGHTS ORGANISATION
MAHARASHTRA STATE

जानें अपने अधिकार :

न्यूनतम मजदूरी और सप्ताह में एक दिन अवकाश हर कर्मचारी का हक

न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 के अनुसार सभी तरह के काम-काज के लिए एक न्यूनतम मजदूरी तय की गई है

सभी तरह के कर्मचारी का हक है कि उसे कंपनी की तरफ से सप्ताह में एक दिन वेतन सहित अवकाश मिले

कर्मचारियों को ड्यूटी के दौरान दुर्घटनाग्रस्त होने पर मुआवजा पाने का अधिकार है, ये तो आप सभी जानते होंगे। लेकिन क्या आपको पता है कि काम पर आते या काम से घर वापस जाते हुए भी अगर कोई कर्मचारी चोटिल हो जाता है तो उन्हें भी मुआवजा पाने का अधिकार है।

अगर किसी कर्मचारी की मौत दुर्घटना या बीमारी से होती है तो उस मामले में उसके परिवारवालों को मुआवजा दिया जाएगा।

कोई कर्मचारी काम के स्वभाव की वजह से कार्यकाल के दौरान ही बीमार हो जाता है या नौकरी छोड़ने के दो साल बाद तक बीमार होता है तो उस स्थिति में भी मुआवजा पाने का अधिकार है।

कर्मचारियों को ये अधिकार कामगार मुआवजा अधिनियम, 1923 के अंतर्गत दिया गया है।

इसके अलावा किसी भी कर्मचारी को 9 घंटे से ज्यादा वक्त तक काम नहीं करवाया जा सकता है और अगर करवाया जाता है तो उसके लिए कंपनी को एक्स्ट्रा पैसा देना होगा।

सभी तरह के कर्मचारी का हक है कि उसे कंपनी की तरफ से सप्ताह में एक दिन वेतन सहित अवकाश मिले।

सामान वेतन अधिनियम, 1976 के तहत महिला और पुरुष को एक तरह के काम के लिए समान वेतन देने का भी प्रावधान है। इसके अलावा महिला कर्मचारियों को मातृत्व लाभ अधिनियम, 1961 के तहत कुछ विशेष लाभ दिया गया है।

वहीं न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 के अनुसार सभी तरह के काम-काज के लिए एक न्यूनतम मजदूरी तय की गई है।

दुर्घटना होने पर सबसे पहले मालिक/कंपनी को नोटिस दें, नोटिस में कर्मचारी का नाम, चोट के कारण, तारीख और स्थान लिखें। अगर मालिक/कंपनी मुआवजा देने में आना-कानी करता है तो लेबर कमिश्नर को आवेदन दें।

उस आवेदन में कर्मचारी का पेशा, चोट की प्रकृति, चोट की तारीख, स्थान, मालिक/कंपनी का नाम, पता नियोक्ता को नोटिस देने की तिथि, अगर मालिक/कंपनी को नोटिस नहीं भेजा हो तो नोटिस नहीं भेजने का कारण का उल्लेख करें।

आवेदन दुर्घटना होने के 2 साल के अंदर ही भेजा जाना चाहिए। हालांकि कुछ खास परिस्थितियों में 2 साल के बाद भी आवेदन किया जा सकता है।

Deepak Singh Svaroci | Updated On : December 05] 2017 09:48 PM

http://www.newsstate.com/know-your-rights/employee-rights-in-the-organisation-minimum-wage-working-hour-accidental-compensation-article-43743.html

जानें अपने अधिकार :

मकान मालिक नहीं काट सकता है किराएदार के घर की बिजली और पानी

किराएदारों को मकान किराए पर लेने पर निजता का अधिकार भी मिलता है

मकान मालिक किसी भी सूरत में किराएदार की बिजली और पानी बंद नहीं कर सकता है

भारत में आम तौर पर देखा जाता है कि मकान मालिक अपने किराएदारों के साथ अच्छा व्यवहार नहीं करते हैं। आए दिन मकान मालिकों के मनमाने रवैये और नाजायज किराये की मांग से किराएदार शोषण का शिकार होते हैं।

यह इसलिए भी होता है क्योंकि किराएदार अपने हक को ही नहीं जानते हैं। दरअसल जब कोई व्यक्तिकिसी दूसरे के मकान को तय राशि का भुगतान कर एक तय समयअवधि के लिए लेता है, तो वह किराएदार कहलाता है।

बता दें कि कुछ मुख्य नियमों को छोड़कर सभी राज्यों में किराएदार के लिए अलग-अलग नियम बने हुए हैं, जिसके तहत उन्हें संरक्षण प्राप्त होते हैं।

किराएदारों को मकान किराए पर लेने पर निजता का अधिकार भी मिलता है। इसका मतलब है कि मकान मालिक बिना किराएदार की अनुमति के अंदर उसकी प्रोपर्टी में प्रवेश नहीं कर सकता है।

मकान मालिक नहीं कर सकता बिजली और पानी बंद

किराएदार द्वारा किराया नहीं देने पर या लेट देने या किसी और कारण से मकान मालिक अक्सर बिजली और पानी काट देने की धमकी देते हैं, जबकि यह पूरी तरह से गैरकानूनी है। मकान मालिक किसी भी सूरत में किराएदार की बिजली और पानी बंद नहीं कर सकता है।

किराए पर लेने से पहले जानें घर की स्थिति

किसी भी किराएदार को कोई भी प्रोपर्टी किराए पर लेने से पहले उसकी पूरी स्थिति को जानने का हक होता है। अगर मकान मालिक किसी तरह की गलत जानकारी देकर आपको धोखा देता है तो आप कोर्ट का दरवाजा खटखटा सकते हैं।

एग्रीमेंट है सबसे जरूरी

किसी भी प्रोपर्टी को लेने से पहले एग्रीमेंट जरूर करना चाहिए। एग्रीमेंट दो तरह के होते हैं इन्हें पहले जानिए इसके बाद ही आप एग्रीमेंट करवाएं।

लीज एग्रीमेंट - इस तरह के एग्रीमेंट में प्रतिबंधात्मक किराया नियंत्रण कानून के तहत किराएदारों और मकान मालिकों के हक की सुरक्षा की जाती है। इसमें किराए की राशि विधायी या न्यायिक सरकार द्वारा तय किया जाता है।

लीज और लाइसेंस एग्रीमेंट - यह लीज एग्रीमेंट से पूरी तरह से अलग है। इस तरह का एग्रीमेंट पूरी तरह से मकान मालिक और किराएदार की आपसी समझौतों पर निर्भर करता है। इस तरह के एग्रीमेंट में किराएदारी का एग्रीमेंट 11 महीने के लिए होता है।

जानिए मकान को किराए पर लेने से पहले क्या जानना है जरूरी...

- किराएदारी एग्रीमेंट की एक कॉपी रखने का अधिकार
- भरपाई का अधिकार : मकान मालिक से किराएदार मकान में कोई भी टूट-फूट को ठीक कराने पैसे ले सकता है
- लीज एग्रीमेंट के खत्म होने पर मकान मालिक को किराएदार के लिए डिपॉजिट मनी को वापस करना ही होता है।

Narendra Hazari | Updated On : November 29] 2017 11:18 PM

http://www.newsstate.com/know-your-rights/a-tenant-right-by-indian-law-you-must-know-as-a-citizen-article-43368.html

जानें अपने अधिकार :

पीएम और प्रेसिडेंट ऑफिस भी हैं 'सूचना का अधिकार' कानून के दायरे में

अक्टूबर 2005 से इस कानून के लागू होने के बाद देश में सभी नागरिकों को किसी भी सरकारी विभाग से सूचना लेने का अधिकार

सादे कागज पर हाथ से लिखी हुई या टाइप की गई ऐप्लिकेशन के जरिए संबंधित विभाग से जानकारी मांगी जा सकती है

देश का कोई भी आम नागरिक अपनी शासन व्यवस्था को पारदर्शी और भ्रष्टाचार से मुक्तदेखने की आकांक्षा रखता है। इसी मांग को देखते हुए साल 2005 में भारत सरकार ने सूचना का अधिकार अधिनियम संसद में पारित किया।

अक्टूबर 2005 से इस कानून के लागू होने के बाद देश में सभी नागरिकों को किसी भी सरकारी विभाग से सूचना लेने का अधिकार प्राप्त हो गया।

इस अधिकार के तहत आप सरकार के कार्यों, दस्तावेजों, टैक्स और खर्च संबंधी किसी भी तरह के रिकॉर्ड्स को हासिल करने या उसका निरीक्षण करने का अधिकार रखते हैं।

जम्मू-कश्मीर को छोड़कर यह कानून पूरे देश में लागू होता है लेकिन सिर्फ भारतीय नागरिक ही इस कानून का उपयोग कर सकते हैं। इसकी देखरेख के लिए सरकार ने केंद्रीय सूचना आयोग और राज्य सूचना आयोग का गठन किया है।

जानकारी मांगने वाले को डिस्क, टेप, वीडियो कैसेट या किसी इलेक्ट्रोनिक या प्रिंटआउट के रूप में सूचना मांगने का हक है। हालांकि वह सूचना पहले से उसी रूप में मौजूद होनी चाहिए।

किसी व्यक्ति द्वारा मांगी गई जानकारी को संबंधित विभाग का जनसूचना अधिकारी (पीआईओ) 30 दिन के भीतर उसे उपलब्ध कराएगा, अगर तय समय में नहीं मिल पाती है, तो व्यक्तिफिर से अपील कर सकता है।

अपील के बाद भी व्यक्तिको सूचना नहीं मिलती है, तो राज्य के मामलों के लिए राज्य सूचना आयोग और केंद्र के मामलों के लिए केंद्रीय सूचना आयोग में दूसरी अपील कर सकता है।

इन विभागों पर नहीं होता लागू

खुफिया एजेंसियों की ऐसी जानकारियां, जिनके सार्वजनिक

होने पर देश की सुरक्षा और अखंडता को खतरा पैदा हो।

दूसरे देशों के साथ भारत से जुड़े मामले

थर्ड पार्टी यानी निजी संस्थानों संबंधी जानकारी लेकिन सरकार के पास उपलब्ध इन संस्थाओं की जानकारी को संबंधित सरकारी विभाग के जरिए हासिल कर सकते हैं

नोट - इन विभागों के अलावा राष्ट्रपति ऑफिस, प्रधानमंत्री ऑफिस समेत सभी सरकारी या सरकार द्वारा पोषित संस्थाओं से जानकारी हासिल की जा सकती है।

कैसे करें अप्लाई

सादे कागज पर हाथ से लिखी हुई या टाइप की गई आवेदन के जरिए संबंधित विभाग से जानकारी मांगी जा सकती है। आवेदन के साथ 10 रुपये की फीस भी जमा करानी होती है। बता दें कि आरटीआई एक्ट कुछ खास मामलों में जानकारी न देने की छूट भी देता है।

Narendra Hazari | Updated On : November 27] 2017 09:30 PM

http://www.newsstate.com/know-your-rights/right-to-information-any-person-can-obtain-information-from-government-offices-article-43213.html

जानें अपने अधिकार :

आत्मरक्षा में की गई हत्या अपराध नहीं

भारतीय दण्ड संहिता 96 से लेकर 106 तक की धाराओं में हर एक व्यक्ति को आत्मरक्षा का अधिकार दिया गया है

अपनी संपत्ति की रक्षा, चोरी, डकैती, शरारत व अपराधिक गतिविधियों के खिलाफ आत्मरक्षा का अधिकार दिया गया है

आप खुद को बचा सकते हैं, सामने वाले व्यक्ति को दण्ड नहीं दे सकते

पुलिस और कानून व्यवस्था के बावजूद देश में अपराध की घटनाएं हर रोज बढ़ रही है। कई बार लोगों के पास इतना वक्त नहीं होता कि वो पुलिस से सहायता मांग सके। ऐसे में कानून ने हमें आत्मरक्षा का अधिकार दिया है।

भारतीय दण्ड संहिता 96 से लेकर 106 तक की धाराओं में हर एक व्यक्तिको आत्मरक्षा का अधिकार दिया गया है। लेकिन हां वो सिर्फ आत्मरक्षा होनी चाहिए, प्रतिरोध या उसे दी जाने वाली सजा नहीं।

यानी आप खुद को बचा सकते हैं, सामने वाले व्यक्तिको दण्ड नहीं दे सकते। दण्ड देना कानून का काम है।

अब सवाल ये है कि किन परिस्थितियों में हम अपने आत्मरक्षा के अधिकार का प्रयोग कर सकते हैं ?

अपनी संपत्ति की रक्षा, चोरी, डकैती, शरारत व अपराधिक गतिविधियों के खिलाफ आत्मरक्षा का अधिकार दिया गया है।

आईपीसी की धारा 103 के मुताबिक लूट, रात में घर में सेंधमारी, आगजनी, चोरी जैसी किसी भी स्थिति में अगर जान का खतरा हुआ तो आक्रमणकारी की हत्या करना भी गलत नहीं होगा।

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने भी आत्मरक्षा के अधिकार से जुडे मामले में एक निर्णय के दौरान कहा था, 'कानून का पालन करने वाले लोगों को कायर बने रहने की जरूरत नहीं है, खासकर तब, जबकि आपके ऊपर गैरकानूनी तरीके से हमला किया जाए।'

न्यायमूर्ति पीपी नावलेकर और न्यायमूर्ति लोकेश्वर पंटा की खंडपीठ ने पंजाब के अंतराम की हत्या के दोषी बाबूराम और इंद्रराज को आजीवन कारावास की सजा देने के फैसले को दरकिनार करते हुए यह व्यवस्था दी है।

अंतराम ने तीन मार्च 1993 को इंद्रराज पर तो हमला किया ही, पति के बचाव में सामने आई माया को भी निशाना बनाया। इस घटना के दौरान बाबूराम और इंद्रराज ने आत्मरक्षार्थ अंतराम पर प्रतिघात किया, जिसमें उसकी मौत हो गई।

Deepak Singh Svaroci | Updated On : November 24] 2017 09:31 PM

http://www.newsstate.com/know-your-rights/the-right-to-self-defence-know-your-rights-campaign-article-43004.html

जानें अपने अधिकार :

बच्चों को शिक्षा उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी

6- 14 साल तक के बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा प्राप्त करना मौलिक अधिकार है

शिक्षा का यह मौलिक अधिकार 1 अप्रैल 2010 से पूरे देश में लागू कर दिया गया

प्राइवेट स्कूलों में भी गरीब और वंचित वर्गों के लिए 25 प्रतिशत सीट आरक्षित किया गया है

आधुनिक समाज में शिक्षा मानव के संपूर्ण विकास के लिए सबसे जरूरी और अनिवार्य साधन है। इसलिए इसे समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की जिम्मेदारी दुनिया के सभी देशों की प्राथमिकताओं में रही है।

भारत में शिक्षा की उपलब्धता को वंचित समाज तक पहुंचाने में 'मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा के अधिकार' ने पिछले कई सालों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

इसके लिए सरकार ने 2002 में लाए गए 86वें संविधान संशोधन अधिनियम को 4 अगस्त 2009 को संसद में पारित किया और इसे संविधान के अनुच्छेद 21(A) में मौलिक अधिकार के अंतर्गत शामिल किया गया।

शिक्षा का यह मौलिक अधिकार 1 अप्रैल 2010 से पूरे देश में लागू कर दिया गया। इसके साथ ही भारत उन 135 देशों में शामिल हुआ, जिसके संविधान में शिक्षा को अनिवार्य किया गया।

इसके अलावा राज्य के नीति- निर्देशक तत्व के अंतर्गत अनुच्छेद 45 में भी मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा के प्रावधान को जोड़ा गया, जिसे न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकती।

साथ ही संविधान के अनुच्छेद 51(A) में दर्ज मौलिक कर्तव्यों में जोड़कर अभिभावकों को अपने बच्चों के लिए बुनियादी शिक्षा उपलब्ध कराना अनिवार्य किया गया।

शिक्षा के अधिकार अधिनियम के मुख्य प्रावधान

6-14 साल तक के बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा प्राप्त करना मौलिक अधिकार है।

हर बच्चे के लिए आठवीं कक्षा तक की निःशुल्क पढ़ाई सुनिश्चित कराना सरकार की जिम्मेदारी है।

यदि निश्चित उम्र का बच्चा किसी कारण से स्कूल जाने से वंचित रह गया हो तो शिक्षा के लिए उसकी उम्र के अनुसार उचित कक्षा में प्रवेश दिलाया जाएगा।

प्राइवेट स्कूलों में भी शिक्षा की अनिवार्यता को लागू कराने के लिए गरीब और वंचित वर्गों के लिए 25% सीट आरक्षित किया गया। ऐसा नहीं करने पर स्कूलों की मान्यता रद्द करने का भी प्रावधान है।

इसको अमल में लाने की जिम्मेदारी केंद्र और राज्य सरकार, दोनों की है। इसमें कुल व्यय का 55 फीसदी हिस्सा केंद्र सरकार वहन करेगी।

इन सबके अलावा सही छात्र-शिक्षक अनुपात, शिक्षकों की नियुक्तियां, बच्चों को दंडित करने पर रोक, स्कूल में पुस्तकालय, पीने के पानी और खेल के मैदान की उचित व्यवस्था भी स्कूलों को करनी होगी।

Saket Anand | Updated On : November 24] 2017 09:39 AM

http://www.newsstate.com/know-your-rights/know-your-rights-for-children-to-free-and-compulsory-education-between-6-14-years-article-42941.html

चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में उपभोक्ताओं के अधिकार

परिचय

भारत एक विकासशील देश है। यहाँ लगभग दो तिहाई आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है। जैसा कि हम सभी जानते हैं, कि अन्य सेवाओं की तरह चिकित्सा सेवाओं की स्थिति भी हमारे देश में बहुत अच्छी नहीं है। ग्रामीण क्षेत्रों में तो और भी बुरा हाल है। ग्रामीण जनता को अपने स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए शहरों की तरफ भागना पड़ता है। कई बार तो उन्हें झोलाछाप डॉक्टरों की सेवाएं लेने को विवश होना पड़ता है। ऐसी स्थिति में उन्हें अनेकों बार अपनी मेहनत की कमाई गंवाने के साथ ही अपनी जान भी गंवानी पड़ती है। दूसरी तरफ, व्यावसायीकरण की अंधी दौड़ में शहरों सहित छोटे-छोटे कस्बों में भी प्राइवेट अस्पतालों एवं नर्सिंग होम खुलते जा रहे हैं। वहाँ सुविधाओं के नाम पर न तो प्रशिक्षित चिकित्सक होते हैं और न ही मरीजों की समुचित चिकित्सा के उपकरण। फिर भी वे विज्ञापनों के माध्यम से बड़े-बड़े दावे कर मरीजों को अपनी ओर आकर्षित करते रहते हैं और उनकी दुकानदारी चलती रहती है। मुँहमांगी कीमत देने के बाद भी उपभोक्ता इस बात के लिए आश्वस्त नहीं होता, कि उसे सही तथा पर्याप्त उपचार मिल पाएगा। ऐसी स्थिति में उपभोक्ताओं को शोषण से बचाने का एक मात्र रास्ता उन्हें जागरूक करना है।

चिकित्सा व्यवसाय ऐसा है जिसमें आम आदमी को चिकित्सीय पद्धतियों या दवाओं की जानकारी नहीं होती। वे पूरी तरह से अस्पताल व नर्सिंग होम के कर्मचारियों व चिकित्सकों पर निर्भर होते हैं। ऐसे में छोटी सी लापरवाही मरीज की जान ले सकती है। लेकिन क्या प्रत्येक मामले में चिकित्सक कोलापरवाही के लिए दोषी मानना ठीक है ? यदि ऐसा हुआ तो कोई भी डॉक्टर अपने काम को तल्लीनता से नहीं कर पाएगा।

एक सजग उपभोक्ता के लिए यह जानना आवश्यक है कि एक चिकित्सक का कार्य किस प्रकार का होता है ? मरीजों के प्रति चिकित्सक के कर्तव्य कौन-कौन से होते हैं ? चिकित्सा व्यवसाय में लापरवाही कब मानी जाती है ? एक डॉक्टर की ड्यूटी क्या होती है ? इस सब बातों को हम निम्ललिखित बिन्दुओं में समझ सकते हैं :

लापरवाही क्या है ?

सामान्य अर्थ में लापरवाही का आशय किसी काम को ठीक ढंग से न करना या असावधानी पूर्वक करना होता है। लेकिन कानून की नजर में केवल ठीक ढंग से काम न करना ही लापरवाही नहीं मानी जाती है।

कानून की नजर में लापरवाही

कानून की नजर में लापरवाही तब मानी जाएगी जब उसमें निम्नलिखित तीन बातें मौजूद हों-

- जिम्मेदारी या ड्यूटी
- उल्लंघन
- क्षति या हानि

अर्थात् जब कोई व्यक्ति (चिकित्सक) अपनी ड्यूटी या जिम्मेदारी का पालन ठीक ढंग से नहीं करता, लापरवाही पूर्वक करता है और उसके परिणामस्वरूप दूसरे व्यक्ति (मरीज) को क्षति या हानि पहुंचती है तो कानूनी दृष्टि से इसे लापरवाही मानी जाती है।

लापरवाही-टोर्ट और अपराध

लापरवाही को टोर्ट और अपराध दोनों माना गया है। टोर्ट के अन्तर्गत क्षतिपूर्ति के लिए सिविलन्यायालय में मुकदमें दायर किए जा सकते हैं और अपराध के रूप में फौजदारी न्यायालयों में ।

''उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986'' के अंतर्गत भी इस तरह के मामलों की शिकायत दर्ज करा कर क्षतिपूर्ति की मांग की जा सकती है।

नोट : यहां इस बात का उल्लेख करना आवश्यक है, कि चिकित्सा में हुई लापरवाही के मामले में शिकायतकर्ता को यह साबित करना होगा कि विपक्षी पार्टी (चिकित्सक) की सतर्क रहने की ड्यूटी थी और उसने इस ड्यूटी का उल्लंधन किया जिसके परिणामस्वरूप शिकायतकर्ता या उसके परिजन को क्षति पहुंची है।

चिकित्सक की ड्यूटी

चिकित्सा सेवा प्रदान करने वाले एक डॉक्टर की निम्नलिखित ड्यूटी मानी गयी है :

- सतर्कता बरतते हुए अपने कौशल और ज्ञान का उचित इस्तेमाल करना
- मरीज की जान बचाने और आपातकाल की स्थिति में उसकी

Saket Anand | Updated On : November 24] 2017 09:39 AM
http://hi.vikaspedia.in/social-welfare/93893e92e93e91c93f915-91c93e91793094191592493e/90992a92d94b91594d92493e-90592793f91593e930/91a93f91593f92494d93893e-93894793593e-915947-91594d93794792494d930-92e947902-90992a92d94b91594d92493e913902-915947-90592793f91593e930

हालत को स्थिर रखने के लिए अपने उचित विशेषज्ञता के साथ सेवा प्रदान करना

- यह निर्णय करने में उचित सावधानी बरतना कि उसे केस लेना चाहिए या नहीं
- चिकित्सक को यह निर्णय लेने में भी सावधानी बरतनी चाहिए कि मरीज को कौन सा उपचार देना है और उसकी देख-रेख कैसे करनी है
- अपने मरीज का ध्यान रखना तथा बिना बताए अपनी सेवाएं न हटाना
- मरीजों की शिकायतों और रोग लक्षणों का सावधानी पूर्वक अध्ययन करना और मानक उपचार करना
- उचित निदान के लिए आवश्यकता अनुसार उपयुक्त प्रयोगशाला परीक्षणों के माध्यम से जांच करवाना
- आवश्यकता होने पर मरीज को दूसरे डॉक्टर के पास जाने की सलाह और सहायता देना
- जरूरत होने पर विशेषज्ञ चिकित्सक को बुलाना
- इलाज के दौरान होने वाले संभावित खतरे से मरीज या उसके परिजनों को सूचित करना तथा उनकी सहमति प्राप्त करना
- इंजेक्शन और दवाईयाँ देने में सावधानी बरतना
- मरीज की बीमारी के बारे में संबंधित तथ्य मरीज को या उसके परिजनों को बताना
- इलाज के दौरान मरीज से प्राप्त गोपनीय सूचना को गुप्त रखना
- खतरनाक और संक्रामक बीमारियों की सूचना उपयुक्तप्राधिकारियों को देना

चिकित्सीय लापरवाही

जब कोई मरीज किसी डॉक्टर के पास उपचार के लिए जाता है, तो इस विश्वास के साथ जाता है, कि डॉक्टर उसके इलाज में उचित सावधानी बरतेगा। यदि डॉक्टर अपने कर्तव्य पालन में कोई लापरवाही करता है, जिसके परिणामस्वरूप मरीज को कोई क्षति या हानि हो जाती है तो डॉक्टर को इसके लिए जिम्मेदार माना जाएगा।

लेकिन, यदि डॉक्टर उचित सतर्कता बरतते हुए चिकित्सा व्यवसाय में स्वीकार्य पद्धति से किसी मरीज का उपचार करता है और मरीज को किसी प्रकार की क्षति या हानि हो जाती है, तो भी डॉक्टर को उसके लिए जिम्मेदार नहीं माना जाएगा।

दूसरे, शब्दों में कहें तो डॉक्टर को किसी मरीज का इलाज करने में अपने ज्ञान और कौशल का इस्तेमाल करते हुए उचित सतर्कता बरतना आवश्यक है।

सतर्कता बरतना डॉक्टर की ड्यूटी

जब कोई व्यक्ति (डॉक्टर) किसी मरीज को चिकित्सा सेवा देने और उपचार करने को तैयार होता है तो वह अंतर्निहित रूप से निम्नलिखित वचन देता है कि :

- उसके पास उपचार के लिए उचित कौशल और ज्ञान है
- डॉक्टर की यह ड्यूटी है कि केस उसे लेना चाहिए या नहीं इस बात में सतर्कता बरते
- मरीज को क्या उपचार दिया जाए और उस उपचार को देने में सतर्कता बरतना भी डॉक्टर की ड्यूटी है
- इन ड्यूटियों में से किसी एक ड्यूटी का उलंघन मरीज को यह अधिकार देता है कि वह लापरवाही के लिए डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई करे।

(लक्ष्मण बालकृष्ण जोशी बनाम त्रिम्बक बाबू गोंडबोले, ए. आई.आर. 1999 उच्चतम न्यायालय)

मरीज की देखभाल करना एक डॉक्टर का कानूनी कर्तव्य है। डॉक्टरी जाँच के समय मरीज व डॉक्टर के मध्य एक संविदा हो जाता है, कि मरीज का इलाज करने वाला डॉक्टर सावधानी बरतेगा। डॉक्टर द्वारा अपने कर्तव्यों का पालन न किए जाने पर, होने वाली क्षति के लिए डॉक्टर उत्तरदायी होंगे। डॉक्टर को मरीज की देखभाल करने के लिए सावधानी बरतने की आवश्यकता है। जब कोई व्यक्तिचिकित्सा सलाह देने और उपचार करने को तैयार हो जाता है तो वह एक तरह से वचन देता है, कि उसके पास इस हेतु कौशल व ज्ञान है तथा इसमें सतर्कता बरतना उसका कर्तव्य है। मरीज को क्या उपचार दिया जाएगा इस विषय पर सतर्कता बरतना भी इसमें सम्मिलित है। इसमें से किसी ड्यूटी का उल्लंघन मरीज को यह अधिकार प्रदत्त करता है, कि लापरवाही के लिए डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई करे। न्यायालयों द्वारा किए गए विभिन्न निर्णयों में यह स्पष्ट किया गया है कि एक डॉक्टर के लिए लापरवाही का क्या तात्पर्य है ? न्यायालय के अनुसार, कोई डॉक्टर केवल इसलिए लापरवाह नहीं माना जा सकता कि मरीज के साथ कोई अप्रिय घटना घट गयी। डॉक्टर को दोषी केवल तभी माना जाएगा जब उसमें एक कुशल चिकित्सक के स्तर की कमीं हो या उसने ऐसा काम किया हो, कि उसके सहयोगी यह कहें कि वास्तव में इस मामले में लापरवाही की गयी। डॉक्टर द्वारा लापरवाही किए जाने के संबंध में निम्न तथ्य हो सकते हैं :

- मरीज की उचित ढंग से जाँच पड़ताल करने में विफल होना
- गलत दवाईयाँ या इंजेक्शनन देना
- अपने सहायकों को स्पष्ट और उचित निर्देश देने में विफल होना तथा उन पर निगरानी न रख पाना
- मरीज का गलत ऑपरेशन कर देना

- गलत मरीज का ऑपरेशन करना
- बिना एलर्जी का पता लगाए मरीज को दवा देना
- गलत ढंग से एनैसथिसिया देना
- आपातकाल की स्थितियों से न निपट पाना, आदि।

अस्पताल एवं नर्सिंग होम की जिम्मेदारी

कोई अस्पताल एवं नर्सिंग होम, उनके अधीनस्थ कार्य कर रहे स्टाफ या डॉक्टर की लापरवाही होने पर, मरीज, डॉक्टर या संबंधित नर्सिंग होम से क्षतिपूर्ति का दावा कर सकता है। अस्पताल के उत्तरदायित्व को स्पष्ट करते हुए न्यायालय ने कहा है, कि ''जब कभी किसी अस्पताल में किसी मरीज को इलाज के लिए लिया जाता है तो उस मरीज के प्रति सतर्कता बरतना उसका कर्तव्य हो जाता है। मरीज के इलाज के संबंध में कई काम ऐसे होते हैं जिसे अस्पताल के सहायकों द्वारा किया जाता है, सहायकों द्वारा की गयी लापरवाही के लिए संबंधित व्यक्तिके साथ-साथ अस्पताल प्रशासन पूर्णतया जिम्मेदार होता है।''

डॉक्टर पर लगने वाले लापरवाही के आरोप समाप्त हो सकते हैं यदि उसने जो कार्य किया है वह अनुमोदित पद्धति से किया गया है। डॉक्टर द्वारा लापरवाही करने पर आपराधिक और सिविल दोनों प्रकार की कार्रवाई की जा सकती है। भारतीय दण्ड संहिता की धारा 304 (क) के अन्तर्गत, आपराधिक लापरवाही के लिए किसी डॉक्टर को सजा दी जा सकती है। इसके अन्तर्गत जो कोई भी व्यक्ति आपराधिक मानव-वध की श्रेणी में आने वाला उतावलेपन या लापरवाही का कोई काम करके किसी व्यक्तिकी हत्या करता है, उसे दो साल तक के कारावास या जुर्माने या दोनों की सजा हो सकती है। यह संज्ञेय, जमानत योग्य और गैर समझौता योग्य है अर्थात -

संज्ञेय : अपराधी को किसी पुलिस अधिकारी द्वारा बिना वारंट के गिरफ्तार किया जा सकता है।

योग्य : जिस व्यक्तिको गिरफ्तार किया जाता है वह जमानत पर छोडेघ्जाने का हकदार है।

गैर समझौता योग्य : इस अपराध में संदेहास्पद अपराधी और पीड़ित व्यक्तिया उसके प्रतिनिधि के बीच समझौता नहीं किया जा सकता ।

चिकित्सीय विशेषाधिकार

कानूनी तौर पर चिकित्सकों को कुछ विशेषाधिकार प्राप्त हैं जो निम्नलिखित हैं :-

- चिकित्सीय दृष्टि से आवश्यक होने पर, यदि डॉक्टर को मरीज की हालत का आकलन करने के बाद यह विश्वास हो जाता है कि तथ्य का खुलासा करने से मरीज के जान को खतरा पहुँच सकता है तो वह मरीज से संबंधित तथ्य की सूचना देने से मना कर सकता है।
- आपातकाल की स्थिति में डॉक्टर इलाज की पद्धति और उसके स्वरूप से संबधित सूचना देने से मना कर सकता है।

विशेष

यदि कोई मरीज डॉक्टर पर विश्वास करके यह कहता है, कि उसकी बीमारी के बारे में किसी अन्य को न बताया जाय तो डॉक्टर सूचना को न प्रकट करने के अपने विशेषाधिकार का इस्तेमाल कर सकता है।

किसी सूचनीय बीमारी से पीड़ित मरीज के मामले में सहमति लेना आवश्यक नहीं है। जैसे- एड्स एच.आई.बी. के मरीजों के मामले में उच्चतम न्यायालय ने व्यवस्था दी है, कि जब मरीज के होने वाले पति/पत्नी को एच.आई.बी. संक्रमण का खतरा हो तो डॉक्टर/अस्पताल की यह ड्यूटी होगी कि वह संबंधित व्यक्ति को खतरे की सूचना दे।

ऐसा न करने पर डॉक्टर/अस्पताल भारतीय दण्ड संहिता की धारा 269 और 270 के अंतर्गत अपराध के भागीदार माने जाएंगे।

चिकित्सा व्यवसाय को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 की परिधि में लाने की संवैधानिक चुनौती

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के लागू होने से पूर्व उपभोक्ताओं की समस्याओं के प्रति समग्र दृष्टिकोण की कमीं थी। इस अधिनियम के लागू होने के पद्गचात उपभोक्ता न्यायालयों ने चिकित्सा सेवा में की गयी लापरवाही के सम्बन्ध में मरीजों या उनके प्रतिनिधियों से शिकायतें प्राप्त करना आरम्भ कर दीं। शिकायतकर्ताओं द्वारा उपभोक्ता न्यायालयों में विभिन्न दलीलें दी गयी, जैसे,- उनका मानना था कि अधिनियम के अन्तर्गत 'सेवा' शब्द का अर्थ यह है कि किसी प्रकार की ऐसी सेवा जो उसके संभावित प्रयोगकर्ता को उपलब्ध कराई जाती हैं। यह परिभाषा चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े लोगों पर भी लागू होने के लिए पर्याप्त है। शिकायतकर्ताओं की विभिन्न दलीलों पर न्यायालय ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम की संवैधानिक वैधता को न्यायोचित ठहराया और व्यवस्था दी कि डॉक्टर/अस्पताल और नर्सिंग होम अधिनियम के दायरे में आते हैं। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम चिकित्सा व्यवसाय पर कोई अतिरिक्त दायित्व नहीं डालता। इस अधिनियम के पारित होने से पहले डॉक्टरों को सिविल न्यायालयों द्वारा डॉक्टरी लापरवाही के लिए क्षतिपूर्ति का जिम्मेदार माना जाता था।

चिकित्सा व्यवसाय को उपभोक्ता न्यायालयों की परिधि में लाने पर संबंधित व्यवसाय से जुड़े लोगों द्वारा आपत्ति जताई गयी और यह तर्क दिया गया, कि उपभोक्ता न्यायालयों के पास विशेषज्ञता नहीं है, इसलिए वे ऐसे मामलों पर निर्णय देने के लिए बाध्य नहीं हैं। उनका मानना था कि डॉक्टर आयुर्विज्ञान परिषदों के अनुशासनात्मक नियंत्रण में कार्य करते हैं और उन पर भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद/राज्य आयुर्विज्ञान

परिषदों के तहत ही अनुशासनात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए, अतः उन्हें उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के दायरे में लाने की कोई जरूरत नहीं है। इस पर एतराज दिखाते हुए उच्चतम न्यायालय ने इसे तर्कसंगत ढंग से नामंजूर कर दिया।

उपभोक्ता न्यायालयों में शिकायत दर्ज कराने के लिए आवश्यक बातें

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के अनुसार, उपभोक्ता फोरम में मामला दर्ज कराने की लिए शिकायतकर्ता का उपभोक्ता होना आवश्यक है-

क्या चिकित्सा सेवा प्राप्त करने वाला प्रत्येक मरीज उपभोक्ता है ?

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के मुताबिक, यदि कोई व्यक्ति मूल्य देकर कोई वस्तु या सेवा प्राप्त करता है तो वह उपभोक्ता की श्रेणी में आता है। अतः उपभोक्ता फोरम में वही व्यक्ति शिकायत दर्ज करा सकता है, जो मूल्य अदा करके चिकित्सा सेवा प्राप्त किया हो।

चिकित्सा सेवाओं को बात की जाए तो हम उसे प्रमुख तीन श्रेणियों में विभक्त कर सकते हैं

1. जहाँ हर मरीज पैसा खर्च करके चिकित्सीय सेवाएं प्राप्त करता है।
2. जहाँ सेवाएं निःशुल्क प्रदान की जाती हैं।
3. जहाँ सेवाएं निःशुल्क प्रदान की जाती हैं, किन्तु उन सेवाओं के लिए कोई अन्य संस्था या व्यक्ति दान स्वरूप शुल्क देता है।

अतः पहले और तीसरे श्रेणी में आने वाले मरीज ही चिकित्सा सेवा में कमी या लापरवाही होने पर उपभोक्ता फोरम में शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

इन 3 तरीकों से आप कर सकते हैं CBSE Board परीक्षा के साथ JEE Main 2018 की भी तैयारी



CBSE Board परीक्षा के दौरान जेईई मेन की परीक्षा की तैयारी कर सकते हैं छात्र. तीन बातों का हमेशा रखें खयाल.

दोनों सिलेबस का एक साथ रिवीजन कर सकते हैं छात्र

नई दिल्लीरू CBSE Board परीक्षा के ठीक बाद JEE Main 2018 की परीक्षा देना छात्रों के लिए एक चुनौती की तरह होता है. इस बार छात्रों को बोर्ड परीक्षा के अलावा जेईई परीक्षा की तैयारी के लिए ज्यादा समय नहीं मिल रहा है. ऐसे में छात्रों को बोर्ड परीक्षा के साथ ही जेईई की तैयारी करना होगा. आज हम आपको ऐसे ही 3 तरीकों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनकी मदद से आप बगैर किसी दिक्कत के बोर्ड परीक्षा के साथ ही जेईई की भी तैयारी कर सकेंगे.

सीबीएसई के सिलेबस को रिवाइज जरूर करें

बोर्ड परीक्षा की तैयारी के दौरान छात्र संबंधित विषय का रिवीजन करते ही हैं. छात्रों को चाहिए कि वह अपने रिवीजन के दौरान ही जेईई के सिलेबस का भी रिवीजन करें. ऐसा करने से आप एक ही समय पर दो परीक्षा के लिए अपनी तैयारी पूरी कर पाएंगे. अपनी तैयारी के दौरान आप तीनों विषय के प्रश्नपत्र को भी हल कर सकते हैं. कोशिश करें कि जेईई में पूछे गए प्रश्नों की भी प्रैक्टिस कर सकते हैं.

समय निकाल कर मॉक टेस्ट जरूर दें

अपनी तैयारी को कम समय में बेहतर तरीके से पूरा करने का एक तरीका मॉक टेस्ट भी होता है. आप घर बैठे ही ऑनलाइन फ्री या कुछ पैसे देकर अलग-अलग विषय के लिए मॉक टेस्ट दे सकते हैं. कोशिश करें की हर दूसरे दिन आप एक मॉक टेस्ट दें. ऐसा करके आप एक ही समय पर दोनों परीक्षाओं के लिए तैयारी कर सकते हैं.

खुद को शांत रखना भी जरूरी

कई बार छात्र परीक्षा की तारीख के नजदीक आते ही काफी परेशान हो जाते हैं. उन्हें लगता है कि अब उनके पास कुछ ही समय बचा है. ऐसे में वह अपनी तैयारी को पूरी नहीं कर पाएंगे. यही वह समय होता है जब आप अपनी गलती से ही अपना नुकसान कर लेते हैं. परीक्षा की तारीख के नजदीक आते ही आपको परेशान होने की जगह शांत और पहले पढ़ी गई चीजों को दोहराने पर काम करना चाहिए.

ऐसा करना आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है. परेशान होने की वजह से आप दुविधा की स्थिति में चले जाते हैं जिसका नुकसान आपको परीक्षा में होता है.

खबर न्यूज डेस्क, Updated : 13 फरवरी, 2018 11:25 AM

https://khabar.ndtv.com/news/career/cbse-board-exam-jee-main-2018-1812026

स्कूल बसों में GPS और CCTV जरुरी CBSE ने जारी की गाइडलाइंस

स्कूल बसों के लिए निर्देश जारी –

उत्तर प्रदेश में कुछ समय पहले स्कूल बस के एक्सिडेंट के बाद मानव संसाधन मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने स्कूल बसों को लेकर कुछ निर्देश दिए थे.

अब इन्हीं के आधार पर सेंट्रल ब्यूरो ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन यानी CBSE ने स्कूल बसों के लिए गाइडलाइंस को रिवाइज किया है. ये गाइडलाइंस सीबीएसई से संबंधित स्कूलों के लिए हैं. ये बदलाव बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए किए गए हैं. आप भी जानिए इन्हें...

- स्कूल बसों में GPS, CCTV कैमरा होना अनिवार्य है. और ये चालू हालत में होना चाहिए.
- स्पीड को कंट्रोल करने वाले सभी उपकरण बस में ठीक काम कर रहे हों.
- अधिकतम स्पीड लिमिट 40 किमी प्रति घंटा हो.
- बस की खिड़कियां ग्रिल से अच्छे तरीके से बंद होनी चाहिए.
- स्कूल बस में अलार्म बैल और सायरन होना चाहिए.
- ट्रेंड महिला अटेंडेंट बस में होनी चाहिए.
- एक ट्रांसपोर्ट मैनेजर भी बस में होना चाहिए.
- स्कूल बस में स्कूल को एक मोबाइल फोन रखना होगा जो इमरजेंसी में काम आएगा.
- बच्चों से ट्रांसपोर्ट सुविधा खासकर ड्राइवर के बारे में फीडबैक लिया जाएगा.
- यदि बस दुर्घटनाग्रस्घ्त होती है तो उसके लिए स्कूल मैनेजमेंट और स्कूल का प्रमुख पूरी तरह से जिम्मेदार होंगे.
- स्कूलों को ये सुविधा देनी होगी कि हर स्कूल बस में एक पेरेंट हो, जो ड्राइवर और अन्य स्टाफ के बारे में फीडबैक दे.

aajtak-in [Edited By: Aarti Mishra]
New Delhi, 25th February 2017 --- Update : 11.59 IST
https://aajtak.intoday.in/education/story/cbse-guidlines-to-schools-for-school-buses-1-914263.html

कृपया
स्वच्छता
बनाये रखने में
सहयोग करें

CONSUMER RIGHTS ORGANISATION
CRO
INDIA
KNOW YOUR RIGHTS

कन्ज्यूमर राइट्स ऑर्गेनाइजेशन

NO FAKE NEWS :

टोल से गुजरने वाली गाड़ियां हर बार लें 12 घंटे की पर्ची : गडकरी?

इंटरनेट पर मैसेज वायरल हो रहा है कि टोल प्लाजा से गुजरते समय सिंगल या डबल साइड की पर्ची की जगह आप 12 घंटे की पर्ची लें।

इंटरनेट पर एक ऐसी खबर और मैसेज वायरल हो रहा है, जिसमें कहा गया कि टोल प्लाजा से गुजरते समय सिंगल या रिटर्न जर्नी की पर्ची लेने की जगह आप 12 घंटे की पर्ची लें। नितिन गडकरी के मंत्रालय में आने वाले नेशनल हाईवे ऑथोरिटी ने नया नियम निकाला है। इसके मुताबिक, अगर आप 12 घंटे में वापस आ जाते हैं तो रिटर्न का कोई टोल नहीं देना होगा। इससे हर महीने हजारों रुपए बचेंगे। DainikBhaskar.com इसी वायरल दावे को इन्वेस्टिगेट कर रहा है।

वायरल क्या हुआ?

- वायरल मैसेज में दावा किया जा रहा है, ''टोल प्लाजा पर पर्ची कटवाते समय खिड़की पर बैठा कर्मचारी पूछता है कि एक साइड की पर्ची दूं या दोनों साइड की, तो आप उन्हें कहें कि सिंगल या डबल की जगह 12 घंटे की पर्ची दो। अगर आप 12 घंटे में वापस आ सकते हैं तो आपका कोई टोल नहीं लगेगा। पर्ची पर भी समय लिखा होता है... निवेदक : नितिन गडकरी''
- इसी से जुड़े अन्य मैसेज में कहा जा रहा है कि नेशनल हाईवे ऑथोरिटी ने टोल टैक्स को लेकर नया नियम जारी किया है। अब सिंगल-डबल के साथ ही टोल प्लाजा पर 12 घंटे की भी पर्ची मिलेगी। 12 घंटे में वापस आने पर आपको वापसी का टोल नहीं देना होगा। अब हर महीने हजारों रुपए बचेंगे।

हमारी इन्वेस्टिगेशन में सामने आई ये सच्चाई

- वायरल मैसेज में दावा नेशनल हाईवे ऑथोरिटी (NHAI) से जुड़ा है, इसलिए सच जानने के लिए हमने सबसे पहले NHAI की ऑफिशियल वेबसाइट पर इससे जुड़ा नोटिफिकेशन सर्च किया। लेकिन वहां हमें ऐसी कोई जानकारी नहीं मिली।
- इन्वेस्टिगेशन के दौरान काफी खोजने के बाद हमें NHAI की ओर जारी 2017-18 का टोल प्लाजा यूजर फीस एग्रीमेंट लेटर मिला। इस लेटर में सिंगल जर्नी, मल्टीपल जर्नी और मंथली पास के किराए के बारे में जानकारी दी गई थी, लेकिन इसमें 12 घंटे की टोल पर्ची के बारे में कुछ नहीं लिखा था।

- फिर हमने वायरल दावे को लेकर NHAI प्रोजेक्ट डायरेक्टर विजय शर्मा से बात की। उन्होंने बताया कि वायरल मैसेज में किया जा रहा 12 घंटे की पर्ची वाला दावा बिल्कुल गलत है। ऐसा कोई नियम नहीं है। टोल प्लाजा से गुजरने वाली गाड़ियों से सिर्फ तीन तरह के चार्ज ही लिए जाते हैं, सिंगल, मल्टीपल/डबल और मंथली पास।
- NHAI प्रोजेक्ट डायरेक्टर के मुताबिक, टोल प्लाजा से वाहन क्रॉस होते ही सिंगल ट्रिप वाली पर्ची की वैधता खत्म हो जाती है। वहीं, मल्टीपल ट्रिप की पर्ची 24 घंटे के अंदर आने-जाने के लिए होती है। मल्टीपल पर्ची का किराया सिंगल ट्रिप से करीब डेढ़ गुना होता है। NHAI यूजर फीस एग्रीमेंट में 12 घंटे जैसी कोई भी पर्ची नहीं होती है।
- इन्वेस्टिगेशन के दौरान हमें ये भी पता चला कि एक ट्रक ड्राइवर के इस संबंध में वीडियो अपलोड करने के बाद से ही ये झूठा मैसेज वायरल होने लगा है।

Last Modified & Sep 08] 2017] 06:03 AM IST

https://www.bhaskar.com/news/NFN-reality-check-of-nhai-toll-plaza-single-trip-toll-tax-slip-valid-for-12-hours-5689160-PHO.html

उपभोक्ता अधिकार

प्रत्येक व्यक्ति एक उपभोक्ता है, चाहे उसका व्यवसाय, आयु, लिंग, समुदाय तथा धार्मिक विचार धारा कोई भी हो। उपभोक्ता अधिकार और कल्याण आज प्रत्येक व्यक्तिके जीवन का अविभाज्य हिस्सा बन गया है और हमने अपनी दैनिक जीवन में इस सभी का कहीं न कहीं उपयोग किया है। प्रत्येक वर्ष 15 मार्च को ''विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस'' मनाया जाता है। यह अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जॉन एफ केनेडी द्वारा की गई एक ऐतिहासिक घोषणा में बताया गया था, जिसमें चार मूलभूत अधिकार बताए गए हैं।

- सुरक्षा का अधिकार
- सूचना पाने का अधिकार
- चुनने का अधिकार
- सुने जाने का अधिकार

इस घोषणा से अंततः यह तथ्य अंतरराष्ट्रीय रूप से मान्य हुआ कि सभी नागरिक, चाहे उनकी आय या सामाजिक स्थिति कोई भी हो उन्हें उपभोक्ता के रूप में मूलभूत अधिकार हैं। 9 अप्रैल 1985 एक अन्य उल्लेखनीय दिवस है जब संयुक्त राष्ट्र की महा सभा द्वारा उपभोक्ता संरक्षण के लिए मार्गदर्शी सिद्धांतों का एक सैट अपनाया गया और संयुक्त राष्ट्र के महा सचिव को नीति में बदलाव या कानून द्वारा इन मार्गदर्शी सिद्धांतों को अपनाने के लिए सदस्य देशों से बातचीत करने का अधिकार दिया गया। इन मार्गदर्शी सिद्धांतों ने एक व्यापक नीति रूप रेखा का गठन किया जिसमें निम्नलिखित क्षेत्रों में उपभोक्ता संरक्षण के लिए सरकार द्वारा किए जाने वाले कार्यो की जरूरत की जानकारी दी गई।

- भौतिक सुरक्षा
- उपभोक्ता के आर्थिक हितों की सुरक्षा और प्रोत्साहन
- उपभोक्ता वस्तुओं और सेवाओं की सुरक्षा तथा गुणवत्ता के लिए मानक
- राहत पाने के लिए उपभोक्ताओं को सक्षम बनाने हेतु साधन
- विशिष्ट क्षेत्रों (भोजन, पानी और दवाएं) से संबंधित साधन और
- उपभोक्ता शिक्षा और सूचना कार्यक्रम

अब यह सभी जगह स्वीकार कर लिया गया है कि उपभोक्ता को अधिकार है कि उसे शोषण से बचने के लिए सभी संगत जानकारियां प्रदान की जाए और बाजार से उत्पाद या सेवाएं लेते समय उसे पर्याप्त विकल्प प्रदान किए जाएं। ये अधिकार राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय दोनों ही मंचों पर सुपरिभाषित हैं तथा सरकार के समान अनेक अभिकरण और

स्वयं सेवी संगठन नागरिकों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए निरंतर कार्य करते हैं।

राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस

मुख्य लेख : राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस

भारत में 24 दिसंबर के दिन राष्ट्रीय उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाया जाता है, जिसे इसी दिन उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 को लागू किया गया था। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम उपभोक्ताओं के अधिकारों की बेहतर सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य सहित संयुक्त मार्गदर्शी सिद्धांतों के आधार पर 1986 में लागू किया गया था। इस अधिनियम में मुख्यतः दंडात्मक या निवारणात्मक मार्ग के स्थान पर शोषण और अनुचित रूप से लेनदेन के विभिन्न प्रकारों के खिलाफ उपभोक्ताओं को प्रभावी सुरक्षा प्रदान की जाती है। यह सभी वस्तुओं और सेवाओं पर लागू होता है जब तक कि इसे विशेष रूप से छूट न दी जाएं और इसमें तीव्र तथा कर्म खर्चीले न्ध्याय मार्ग के लिए निजी, सार्वजनिक और सहकारी क्षेत्रों को शामिल किया जाता है।

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के तहत अधिकार भारत के संविधान की धारा 14 से 19 बीच अधिकारों से आरंभ होते हैं। सूचना का अधिकार अधिनियम, जिससे हमारे देश में शासन प्रक्रिया में एक खुलापन आया है और साथ ही इसमें अब उपभोक्ता संरक्षण के लिए दूरगामी निहितार्थ शामिल हैं। अधिनियम के अनुसार 'उपभोक्ता' को निम्नानुसार परिभाषित किया है :

- कोई व्यक्ति जो विचार हेतु सामान हेतु खरीदता हैं और कोई व्यक्ति जो बिक्री करने वाले की अनुमति से इन वस्तुओं का उपयोग करता है।
- कोई व्यक्ति जो विचार हेतु कोई सेवा किराए पर लेता है और इन सेवाओं के कोई लाभार्थी, बशर्ते कि सेवा का लाभ उस व्यक्ति के अनुमोदन से लिया गया है जिसने विचार हेतु सेवाएं

किराए पर ली थीं।

इसके अलावा किसी ऐसी वस्तु या सेवा को विचार में लेना जिसके लिए या तो भुगतान किया गया है अथवा इसका वचन दिया गया हैं या आंशिक भुगतान किया गया है अथवा वचन दिया गया है अथवा इसे एक आस्थगित भुगतान की प्रणाली के तहत प्रदान किया गया है।

इस अधिनियम में उपभोक्ताओं के निम्नलिखित अधिकारों के प्रवर्तन और संरक्षण की कल्पना की गई है ।

सुरक्षा का अधिकार

इसका अर्थ है वस्घ्तुओं और सेवाओं के विपणन के विरुद्ध सुरक्षा प्रदान करना, जो जीवन और सम्पत्ति के लिए जोखिम पूर्ण है। खरीदी गई वस्तुएं और सेवाएं न केवल तात्कालिक आवश्यकताओं की पूर्ति करें बल्कि इनसे दीर्घ अवधि हितों की पूर्ति भी होनी चाहिए। खरीदने से पहले उपभोक्ताओं द्वारा वस्तुओं की गुणवत्ता पर जोर दिया जाना चाहिए और साथ ही उत्पाद तथा सेवाओं की गारंटी पर बल दिया जाना चाहिए। उन्हें वरीयत गुणवत्ता चिन्ह वाले उत्पाद खरीदने चाहिए जैसे आईएसआई, एग मार्क आदि।

सूचना पाने का अधिकार

इसका अर्थ है वस्तुओं की मात्रा, गुणवत्ता, शक्ति, शुद्धता, स्तर और मूल्य के बारे में जानकारी पाने का अधिकार है ताकि अनुचित व्यापार प्रथाओं के विरुद्ध उपभोक्ता को सुरक्षा दी जा सके। उपभोक्ता द्वारा एक उत्पाद या सेवा के बारे में सभी जानकारी पाने पर बल दिया जाना चाहिए ताकि वह एक निर्णय या विकल्प के पहले इस पर विचार कर सकें। इससे उसे बुद्धिमानी और जिम्मेदारी से कार्य करने की क्षमता मिलेगी तथा वह उच्च दबाव वाली बिक्री तकनीकों का शिकार बनने से बच सकेगा।

चुनने का अधिकार

इसका अर्थ है आश्वस्त होने का अधिकार, जहाँ भी प्रतिस्पर्धी कीमत पर वस्तुओं और सेवाओं की किस्मों तक पहुंचना संभव हो। जहां किसी का एकाधिकार है, इसका अर्थ है संतोषजनक गुणवत्ता और सेवा का आश्वासन उचित मूल्य पर पाना। इसमें मूलभूत वस्तु और सेवाओं का अधिकार भी शामिल है। इसका कारण है अल्पसंख्यक वर्ग को चुनाव का अबाधित अधिकार देना ताकि वे इसके बड़े हिस्से में बड़े वर्ग को अस्वीकार कर सके। इस अधिकार का उपयोग प्रतिस्पर्धी बाजार में बेहतर रूप से किया जा सकता है, जहां अनेक प्रकार की वस्तुए प्रतिस्पर्धी कीमतों पर उपलब्ध्ध हैं।

सुने जाने का अधिकार

इसका अर्थ है उपभोक्ताओं के हितों पर उपयुक्त मंचों में पर्याप्त ध्यान दिया जाएगा। इसमें उपभोक्ता कल्याण पर विचार करने हेतु गठित विभिन्न मंचों में अधिकारों का प्रतिनिधित्व भी शामिल है। उपभोक्ताओं द्वारा गैर राजनैतिक और गैर वाणिज्यक उपभोक्ता संगठन बनाए जाने चाहिए, जिन्हें सरकार और उपभोक्ताओं से संबंधित अन्य मामलों में निकायों द्वारा गठित विभिन्न समितियों में प्रतिनिधित्व दिया जा सके।

विवाद सुलझाने का अधिकार

इसका अर्थ है अनुचित व्यापार प्रथाओं या उपभोक्ताओं के गलत शोषण के विरुद्ध विवाद सुलझाने का अधिकार। इसमें उपभोक्ता की वास्तविक शिकायतों के उचित निपटान का अधिकार भी शामिल है। उपभोक्ताओं द्वारा अपनी वास्तविक शिकायतों के लिए शिकायत दर्ज कराई जानी चाहिए। कई बार शिकायत बहुत कम कीमत की होती है। समाज पर समाज पर कुल मिलाकर इसका गहरा प्रभाव होता है। इसमें उपभोक्ता संगठनों की सहायता से भी अपनी शिकायतों का निपटान किया जा सकता है।

उपभोक्ता शिक्षा का अधिकार

इसका अर्थ है पूरे जीवन उपभोक्ता को सूचित बने रहने का ज्ञान और कुशलता अर्जित करने का अधिकार। उपभोक्ताओं की उपेक्षा, विशेष रूप से ग्रामीण उपभोक्ताओं की, यह उनके शोषण के लिए मुख्य रूप से उत्तरदायी है। उन्घ्हें अपने अधिकारों का ज्ञान होना चाहिए तथा इनका उपयोग अवश्य करना चाहिए। केवल तभी वास्तविक उपभोक्ता सुरक्षा सफलता पूर्वक प्राप्त की जाती है।

इस प्रकार उपभोक्ता संरक्षण की चिंता उचित व्यापार प्रथाओं को सुनिश्चित करने के साथ, वस्तुओं की गुणवत्ता और सूचित उपभोक्ता सहित प्रभारी सेवाओं से जुड़ी है जिन्हें अपनी रुचि की वस्तु की गुणवत्ता, मात्रा, शक्ति, बनावट और मूल्य की जानकारी हो। एक ऐसी उपभोक्ता संरक्षण नीति ऐसे परिवेश का सृजन करती है जिसके द्वारा ग्राहक और उपभोक्ता उनके लिए आवश्यक वस्तुओं तथा सेवाओं की आपूर्ति से संतोष प्राप्त करते हैं।

उपभोक्ताओं की परेशानियाँ

बढ़ते बाजारवाद के दौर में उपभोक्ता संस्कृति तो देखने को मिल रही है, लेकिन उपभोक्ताओं में जागरूकता की कमी है। आज हर व्यक्ति उपभोक्ता है, चाहे वह कोई वस्तु खरीद रहा हो या फिर किसी सेवा को प्राप्त कर रहा हो। दरअसल, मुनाफाखोरी ने उपभोक्ताओं के लिए कई तरह की परेशानियां पैदा कर दी हैं। वस्तुओं में मिलावट और निम्न गुणवत्ता की वजह से जहां उन्हें परेशानी होती है, वहीं सेवाओं में व्यवधान या पर्याप्त सेवा न मिलने से भी उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। हालांकि भारत सरकार कहती है, जब आप पूरी कीमत देते हैं तो कोई भी वस्तु वजन में कम न लें। बात सही है या नहीं, यह सुनिश्चित करने के लिए कानून है। यह स्लोगन सरकारी दफ्तरों में देखने को मिल जाएगा। सरकार ने उपभोक्ताओं को संरक्षण देने के लिए कई कानून बनाए हुए हैं, लेकिन इसके बावजूद उपभोक्ताओं से पूरी कीमत

वसूलने के बाद उन्हें सही वस्तुएं और वाजिब सेवाएं नहीं मिल पा रही हैं।

उपभोक्ताओं की कुछ परेशानियाँ

- सेहत के लिए नुकसानदेह पदार्थ मिलाकर व्यापारियों द्वारा खाद्य पदार्थों में मिलावट करना या कुछ ऐसे पदार्थ निकाल लेना, जिनके कम होने से पदार्थ की गुणवत्ता पर विपरीत असर पड़ता है, जैसे दूध से क्रीम निकाल कर बेचना।
- टेलीविजन और पत्र-पत्रिकाओं में गुमराह करने वाले विज्ञापनों के जरिये वस्तुओं तथा सेवाओं का ग्राहकों की मांग को प्रभावित करना।
- वस्तुओं की पैकिंग पर दी गई जानकारी से अलग सामग्री पैकेट के भीतर रखना।
- बिक्री के बाद सेवाओं को अनुचित रूप से देना।
- दोषयुक्त वस्तुओं की आपूर्ति करना।
- कीमत में छुपे हुए तथ्य शामिल होना।
- उत्पाद पर गलत या छुपी हुई दरें लिखना।
- वस्तुओं के वजन और मापन में झूठे या निम्न स्तर के साधन इस्तेमाल करना।
- थोक मात्रा में आपूर्ति करने पर वस्तुओं की गुणवत्ता में गिरावट आना।
- अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) का गलत तौर पर निर्धारण करना।
- एमआरपी से ज्यादा कधीमत पर बेचना।
- दवाओं आदि जैसे अनिवार्य उत्पादों की अनाधिकृत बिक्री उनकी समापन तिथि के बाद करना।
- कमजोर उपभोक्ताएं सेवाएं, जिसके कारण उपभोक्ता को परेशानी हो।
- बिक्री और सेवाओं की शर्तों और निबंधनों का पालन न करना।
- उत्पाद के बारे में झूठी या अधूरी जानकारी देना।
- गारंटी या वारंटी आदि को पूरा न करना।

उपभोक्ताओं के अधिकार

- जीवन एवं संपत्ति के लिए हानिकारक सामान और सेवाओं के विपणन के खिलाफ सुरक्षा का अधिकार।
- सामान अथवा सेवाओं की गुणवत्ता, मात्रा, क्षमता, शुद्धता, स्तर और मूल्य, जैसा भी मामला हो, के बारे में जानकारी का अधिकार, ताकि उपभोक्ताओं को अनुचित व्यापार पद्धतियों से बचाया जा सके।
- जहां तक संभव हो उचित मूल्यों पर विभिन्न प्रकार के सामान तथा सेवाओं तक पहुंच का आश्वासन।
- उपभोक्ताओं के हितों पर विचार करने के लिए बनाए गए विभिन्न मंचों पर प्रतिनिधित्व का अधिकार।
- अनुचित व्यापार पद्धतियों या उपभोक्ताओं के शोषण के विरुद्ध निपटान का अधिकार।
- सूचना संपन्न उपभोक्ता बनने के लिए ज्ञान और कौशल प्राप्त करने का अधिकार।
- अपने अधिकार के लिए आवाज उठाने का अधिकार।

माप-तोल के नियम

- हर बांट पर निरीक्षक की मुहर होनी चाहिए।
- एक साल की अवधि में मुहर का सत्यापन जरूरी है।
- पत्थर, धातुओं आदि के टुकड़ों का बांट के तौर पर इस्तेमाल नहीं हो सकता।
- फेरी वालों के अलावा किसी अन्य को तराजू हाथ में पकड़ कर तोलने की अनुमति नहीं है।
- तराजू एक हुक या छड़ की सहायता से लटका होना चाहिए।
- लकड़ी और गोल डंडी की तराजू का इस्तेमाल दंडनीय है।
- कपड़ा मापने के मीटर के दोनों सिरों पर मुहर होनी चाहिए।
- तेल एवं दूध आदि के मापों के नीचे तल्ला लटका हुआ नहीं होना चाहिए।
- मिठाई, गिरीदार वस्तुओं एवं मसालों आदि की तुलाई में डिब्बे का वजन शामिल नहीं किया जा सकता।
- पैकिंग वस्तुओं पर निर्माता का नाम, पता, वस्तु की शुद्ध तोल एवं कीमत कर सहित अंकित हो। साथ ही पैकिंग का साल और महीना लिखा होना चाहिए।
- पैकिंग वस्तुओं पर मूल्य का स्टीकर नहीं होना चाहिए।

Convenience Products

Registration No. 217/4/3410

CONSUMER RIGHTS ORGANISATION

Regd. Office : T-510/15-E-12, Baljeet Nagar (BNB-0404), New Delhi - 110008
Head Office : 204, 2nd Floor, Ganpati Complex, Rangpur Rd., Nr. Flyover, Kota - 324002
E-Mail : info@croindia.org | Website : www.croindia.org
+91-94720-89412 +91-97998-73495

KNOW YOUR RIGHTS

JAGO GRAHAK JAGO

STATE / DISTT. OFFICE :

Paste Your Passport Size Latest Photograph

MEMBERSHIP FORM

Membership No. _____

I want to take the Membership of The Consumer Rights Organisation for which I am depositing the **Non-Refundable Membership Fee Rs. 1000/-**. There for, Kindly register me as Membership of the Organisation.

I here by declare that I am ready to abide by the rules and sub of the Consumer Rights Organisation in their present/current form or when they are updated from time to time. The Information given by me in this form is correct & I am wholly responsible for its correctness. I shall be responsible for unconstitutional or anti social work committed by me. I promise to be loyal to wards the mission of the Organisation and would follow all those rules and regulations that are given to me by Organisation to fulfill its mission. Automatically termination in case of any anti organisation activities / criminal / forgeries found against you.

The necessary details related me are as follows.

1. Name _____ ☐ Male ☐ Female
2. Father's / Husband Name _____
3. Address _____
   City _____ State _____ PIN _____ Mobile _____ / WA _____
4. Date of Birth ____/____/_____ E-Mail _____
5. Qualification _____ Enclosed ID - ☐ Voter ID ☐ AADHAR ☐ DL ☐ OTHERS
6. AADHAR CARD NO. _____
7. Rupees **1000/-** Membership _____ Blood Group _____

Date : ____/____/_____ Signature

RECOMMENDATION BY :

NAME _____ POST _____ MOBILE NO. _____

FOR - POST / MEMBER _____ SIGNATURE _____

Registration No. 217/4/3410

CONSUMER RIGHTS ORGANISATION

Regd. Office : T-510/15-E-12, Baljeet Nagar (BNB-0404), New Delhi - 110008
Head Office : 204, 2nd Floor, Ganpati Complex, Rangpur Rd., Nr. Flyover, Kota - 324002
E-Mail : info@croindia.org | Website : www.croindia.org

KNOW YOUR RIGHTS

JAGO GRAHAK JAGO

ACKNOWLEDGMENT SLIP

Name _____ Amount **1000/-**

Address _____ City _____ State _____

Date : ____/____/_____ Receiver Signature

Best Wishes

Mr. Devkaran Makran
STATE PRESIDENT
Chhattisgarh

CONSUMER RIGHTS ORGANISATION
CRO
INDIA
KNOW YOUR RIGHTS

Mr. Balram Nishad
DISTT. PRESIDENT
Gariyaband (Chhattisgarh)

CONSUMER RIGHTS ORGANISATION

Call us : +91 84321 22280

HANDMADE PAPER : THE POTENTIAL CATALYTIC ROLE IN SWATCCH BHARAT MISSION AND DEVELOPMENT OF SMART CITIES

Swatch Bharat Mission

"Swachh Bharat Mission/Abhiyaan" which has been recently launched by the Hon'ble Prime Minister of India, Shri Narendra Modi on 2nd October, 2014 aims to achieve Swachh Bharat by 2019, as a fitting tribute to the 150th Birth Anniversary of Mahatma Gandhi.

The Swatch Bharat Mission targets an improvement in the levels of cleanliness in rural areas through Solid and Liquid Waste Management activities and making Gram Panchayats Open Defecation Free (ODF), clean and sanitized while on the other hand it is aimed at utilization of cleaner production techniques, environmental friendly disposal of industrial wastes and every possible effort for pollution free existence of people in the clean urban areas. Thus, we have to actually make our country green and clean in every aspect, and then only we shall be able to realize the dream of "SWATCH BHARAT" in the truest sense of its meaning.

Urbanization : Significance in Swatch Bharat Mission

India which is a home to 1.21 billion people contributes to about one-sixth of the world's population. As the global population continues to grow at a steady pace, more and more people are moving to cities every single day. Experts predict that the world's urban population will double by 2050 - which means we are adding the equivalent of seven New Delhi Cities to the planet every single year. Urbanization accompanies economic development. As countries move from being primarily agrarian economies to industrial and service sectors, they also urbanize. This is because urban areas provide the agglomerations that the industrial and service sectors need. This trend of urbanization continues to take place as seen in figure-1.



Figure-1: Growing Trend of Urbanization

In fact, 90 percent of the world's urban population growth will take place in developing countries, with India taking a significant share of that. Urban areas also contribute a higher share of the GDP. The share of the GDP from urban areas in India has been growing, as seen in the figure-2.

Figure-2: Urban Share of GDP in India

Urban population contributes over 60 percent of India's GDP and will contribute 70 percent of the national GDP in the next 15 years. It is for this reason that cities are referred to as the 'engines of economic growth' and ensuring that they function as efficient engines is critical to our economic development. This trend of urbanization that is seen in India over the last few decades will continue for some more time. The global experience is that a country's urbanization upto a 30 percent level is relatively slow but the pace of urbanization speeds up thereafter, till it reaches about 60-65 percent. With an urban population of 31 percent, India is at a point of transition where the pace of urbanization will speed up. It is for this reason that we need to plan our urban areas well and cannot wait any longer to do so. The relatively low base allows us to plan our urbanization strategy in the right direction by taking advantage of the latest developments in technology. Moreover, it also offers us an opportunity to create a conducive environment for creation of employment opportunities and economic activities while improving the quality of life. It allows an opportunity to learn from good practices and mistakes made elsewhere. Countries have taken different paths to development as seen from the income Vs energy consumption graph as given in figure-3.



Figure-3: Income Vs. Energy Consumption Pattern of the World

DEVELOPMENT OF SMART CITIES IN INDIA

Looking into the growing trend of urbanization and its significance for the Swatcch Bharat Mission, the Government of India has decided to develop 100 Smart Cities in the country. Accordingly, in his Budget Speech of July, 2014, the Finance Minister, Shri Arun Jaitley stated "As the fruits of development reach an increasingly large number of people, the pace of migration from the rural areas to the cities is increasing. A neo middle class is emerging which has the aspiration of better living standards. Unless, new cities are developed to accommodate the burgeoning number of people, the existing cities would soon become unlivable. The Prime Minister has a vision of developing 'one hundred Smart Cities', as satellite towns of larger cities and by modernizing the existing mid-sized cities".

SMART CITIES : CONCEPT

Smart Cities are those which have smart (intelligent) physical, social, institutional and economic infrastructure. Essentially, its **Institutional Infrastructure** (including Governance), **Physical Infrastructure** and **Social Infrastructure** constitute the three pillars on which a city rests. The center of attention for each of these pillars is the citizen. So, a Smart City works towards ensuring the best for its entire people, regardless of social status, age, income levels, gender, etc.

It is expected that such a Smart City will generate options for a common man to pursue his/her livelihood and interests meaningfully. In this context:

- **Competitiveness** refers to a city's ability to create employment opportunities, attract investments and people. The ease of being able to do business and the quality of life it offers determines its competitiveness.
- **Sustainability** includes social sustainability, environmental sustainability and financial sustainability.
- **Quality of Life** includes safety and security, inclusiveness, entertainment, ease of seeking and obtaining public services, cost efficient healthcare, quality education, and opportunities for participation in governance.

Six major characteristics have been identified for Smart Cities as shown in figure-4.



Figure-4: Characteristics of a Smart City

Smart Economy: includes factors all around economic competitiveness as innovation, entrepreneurship, trademarks, productivity and flexibility of the labour market as well as the integration in the (inter-)national market.

Smart People is not only described by the level of qualification or education of the citizens but also by the quality of social interactions regarding integration and public life and the openness towards the "outer" world.

Smart Governance comprises aspects of political participation, services for citizens as well as the functioning of the administration.

Smart Mobility Local and international accessibility are important aspects of smart mobility as well as the availability of information and communication technologies and modern and sustainable transport systems.

Smart Environment is described by attractive natural conditions (climate, green space etc.), pollution, resource management and also by efforts towards environmental protection.

Smart Living comprises various aspects of quality of life as culture, health, safety, housing, tourism etc.

Various initiatives are being taken by the Government of India to convert 100 Cities into Smart Cities. The real challenge before the Government is to build inclusive smart cities for all its residents, irrespective of whether they are rich or poor. In a country like India, the process of making a city smart should be people centric. The idea should be to make cities work for the people.

Significance of Sustainable Technologies for Smart Cities

in Indian Context

As per the latest definitions of smart cities "The rudiments of what constitutes a Smart Sustainable City which we define as a city in which ICT is merged with traditional infrastructures, coordinated and integrated using new digital technologies." A Smarter City uses technology to transform its core systems and optimize finite resources. At the highest levels of maturity, a Smarter City is a knowledge-based system that provides real-time insights to stakeholders, as well as enabling decision-makers to proactively manage the city's subsystems. Effective information management is at the heart of this capability, and integration and analytics are the key enablers.

As per the CSTEP report'2015, the notions of sustainability largely encompass the larger goals of a smart city, Technology is an important enabler in attaining sustainability and good governance in a city, There is no 'one size fits all' model for smart cities that can be adopted in India, There is a critical need for contextualizing various aspects of smart city development, which is an opportunity for India to chart its own path towards smart city development. Replication of other's attempts towards smart cities needs to be carefully examined, especially in a country like India with an extremely diverse social and human development canvas, and with growing constraints in critical resources such as land, water, energy, finance. As India gets prepared to embrace a more urbanised future, it becomes extremely crucial to build the right smart city development model while being cognisant of the negative externalities.

The suggested definition of a smart city in the Indian context is "***A Smart City would be the one which plans judiciously to meet its aspirations and challenges in a sustainable manner while fostering principles of good governance. These are achieved in a Smart City by utilising the enhanced power of technology, engaging with a more aware and informed citizenry and creating a more competent and capacitated set of people working within an accountable framework***" (Figure 5).



Figure 5: Approach for Smart City Development in India | Source: CSTEP Analysis

HANDMADE PAPER: A POTENTIAL CATALYST OF SWATCH BHARAT MISSION AND SMART CITY DEVELOPMENT

In the specific context of Swatcch Bharat Mission and the Development of Smart Cities, Handmade paper can play a very important catalytic role due to its ecofriendly credentials and decentralized method of production. For this, we should make rigorous mass-campaign activity for creating interest and awareness about handmade paper and should also emphasize on recycling of waste papers because such recycling can play a very important role in addressing the problems of deforestation and global warming besides bringing cleanliness in the society.

Handmade paper is one of the socially responsible products because it is the tree-free, cleanly produced, environmental friendly product. The production of handmade paper and the paper itself is a socially responsible process and the product as well in the truest sense of its meaning. This is because the Handmade papermaking neither utilizes the woody, forest based raw materials nor it uses the toxic, harmful chemicals. The raw materials used for its production include cotton rags/tailor cuttings/hosiery waste besides the waste paper (shredded currency waste/old news print waste/ magazine waste etc.) and the natural fibers comprising of a range of ligno-cellulosic waste materials (banana fiber, jute, Ankara etc.) available in plenty in different regions of the country.

Manufacturing of handmade paper generates employment for both men and women, ensures better income distribution and earns valuable foreign exchange through exports. The handmade paper units can be established particularly for lower income groups and for those who are below poverty line (bpl) through cooperative societies or communities in the rural areas. Among the main advantages of hand papermaking are low input requirements for day-to-day management, low capital cost, flexibility in production of different papers and higher price obtainable for the paper produced by converting it into value-added products.

It is very unfortunate situation of our country that due to the high cost involved in segregation of the waste generated/ collected, recycled paper mills of India prefer importing waste paper from other countries to the domestic waste paper and this practice ultimately adds to the contagious problems like Swine Flu. So, if we develop the practice of segregating our waste at the source itself, this ironic situation may be improved. Further, proper waste disposal/ management practices would also contribute towards the great dream of "SWATCH BHARAT ABHIYAN".

Since children are the future citizens of India, we should focus on the school/college/university students so that they can become the Brand Ambassadors of such activity. All the schools/colleges may be motivated to involve their children in the segregated disposal, collection and recycling of waste papers generated in their campus. The various Govt. offices may be moved to utilize office stationery produced from recycled waste paper.

As far as the benefits of handmade paper industry and society are concerned, the proposed actions will ultimately result into the sustainable development of our country. Because promotion of recycling practices help in reducing solid waste generation, reducing deforestation (as 27 eucalyptus trees are required for producing one MT of paper), pollution and global warming problems. The recycled handmade papers may be utilized for making carry bags/ paper bags to replace the polythenes. The innovative designing inputs of the young students may help in producing excellent products of handmade paper. This may further be exported to different countries and may also be promoted in domestic market. The children will themselves ask their parents to use them and thereby may contribute to "**Swatch Bharat Abhiyan**" in a very big way.

This proposed range of activities will also help in upliftment of the handmade paper industry and the machinery manufacturers. Demand of handmade paper will rise and this will ultimately reflect into the increased benefit levels. Development and adoption of biotechnological applications in handmade paper sector will surely improve its ecofriendly credentials.

